* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 174

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







### भाजपा के संकल्प पत्र में तीन करोड़ गरीबों के लिए आवास की गारंटी

# मुफ्त बिजली और पांच साल तक मुफ्त राशन का वादा

- समान नागरिक संहिता लागू करने और 'एक देश-एक चुनाव' का संकल्प




**आजाद सिपाही संवाददाता**

नयी दिल्ली। लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के प्रति लगभग आश्वस्त भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। इसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों पर ध्यान केंद्रित किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा कार्यालय में मौजूद रहे। भाजपा के संकल्प पत्र की थीम '2047 तक विकसित भारत' बनाने की 'मोदी की गारंटी' है।

## पार्टी ने किये ये महत्वपूर्ण वादे

संकल्प पत्र में मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख भी किया गया है। इसे 'मोदी की गारंटी' नाम दिया गया है। पार्टी ने इसमें युवाओं और महिलाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक पर अपना फोकस रखा है। पार्टी ने देश के लोगों से फ्री बिजली से लेकर पांच साल तक मुफ्त राशन की व्यवस्था जारी रखने का वादा किया है। इसी के साथ संकल्प पत्र में तीन करोड़ नये घर बनाने का भी वादा है। पीएम सूर्यघर बिजली योजना को लांच कर लोगों को ज्यादा बिजली बनाकर पैसे कमाने का भी अवसर दिया जायेगा। संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया है कि वह जल्द देश में यूसीसी लागू करेगी। संकल्प पत्र में देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाने और आगे भी भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही गयी है।

पार्टी ने वरिष्ठ नागरिकों से भी एक खास वादा किया है। पीएम मोदी ने कहा कि अब आयुष्मान योजना के दायरे में 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को लाया जायेगा। इस योजना के दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आयेंगे। संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जायेगी।

पार्टी ने कहा कि उसने पहले एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनने के लिए सशक्त बनाया। अब वह तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनने के लिए सशक्त बनायेगी। संकल्प पत्र में कहा गया कि महिलाओं के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करते हुए एनीमिया, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम और कमी पर केंद्रित मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जायेगा। सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने के लिए एक केंद्रित पहल शुरू की जायेगी।

भाजपा के संकल्प पत्र में पेपर लीक रोकने के लिए कानून लागू लाने, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए बनाये गये कानून को सख्ती से लागू करने का वादा किया गया है।

संकल्प पत्र में कहा गया है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत छह हजार रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता किसानों को दी जा रही है और भाजपा उसे आगे भी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। संकल्प पत्र में समय-समय पर एमएसपी में वृद्धि की भी बात कही गयी है।

## धूमधाम से मनायी जायेगी शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस साल 15 नवंबर को शहीद भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनायी जायेगी। भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए उन्होंने घोषणा की कि पूरे देश में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में बिरसा मुंडा की जयंती मनायी जायेगी। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति, इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को यह संकल्प पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणा पत्र की शुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा, गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछले 10 वर्ष नारी गरिमा, नारी को नये अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले पांच वर्ष नारी शक्ति की नयी भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी, ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जायें। पीएम मोदी ने कहा कि यह बहुत पवित्र दिन है। देश के कई राज्य नववर्ष मना रहे हैं। आज नवरात्रि के छठे दिन हम मां कात्यायनी से प्रार्थना करते हैं। उनके दोनों हाथों में कमल है। यह संयोग बहुत बड़ा है, आज अंबेडकर जयंती भी है। भाजपा के संकल्प पत्र का पूरे देश को इंतजार है।

## भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई और बेरोजगारी शब्द गायब: राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के घोषणा पत्र पर तंज कसते हुए कहा है कि घोषणा पत्र और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं, महंगाई और बेरोजगारी। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। इंडी गठबंधन का प्लान बिलकुल स्पष्ट है, 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख की पक्की नौकरी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाला। अब वह कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लायेगा।

## यह घोषणा पत्र नहीं, जुमला पत्र है: खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' वास्तव में 'जुमलों की वारंटी' है, क्योंकि वह पूर्व में किये गये वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र नहीं, बल्कि 'जुमला पत्र' है, जिसमें केवल बातें हैं।

### न्यूज रील्स

## सीएम ने भीमराव अंबेडकर को नमन किया



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि शोषितों, वंचितों और पीड़ितों को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान करने वाले, भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर शत-शत नमन। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त और अंत्योदय को समर्पित रहा आपका पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणा है।

# बाल-बाल बचे सीएम

**सिर पर तोरण द्वार गिरने से लगी हलकी चोट**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को उस समय बाल-बाल बच गये, जब उनके सिर पर तोरण द्वार गिर गया। सीएम के सिर में चोट लगी है। यह घटना उस समय हुई, जब सीएम महागठबंधन के नेताओं के साथ स्थानीय नोबांता होटल के बेसमेंट में आयोजित बैठक के बाद हॉल से बाहर निकल रहे थे। सीएम जैसे ही गेट से बाहर निकले, उनके सिर पर फूलों से सजा तोरण द्वार गिर गया। सीएम को हल्की चोट लगी। जानकारी के अनुसार सुरक्षाकर्मियों से घिरे मुख्यमंत्री बाहर निकल रहे थे। उसी क्रम में किसी ने गेट को अंदर की जगह बाहर खोल दिया। इस वजह से तोरण द्वार गिर गया। घटना के बाद तुरंत मुख्यमंत्री को होटल के कमरे में ले जाया गया, जहां मेडिकल टीम द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। मुख्यमंत्री ने थोड़ी देर तक होटल के कमरे में आराम किया। उसके बाद वहां से वह निकले।

# गम्हरिया में हरवे-हथियार के साथ गीता कोड़ा को घेरा

**कहा-बगैर ग्रामसभा से परमिशन लिये भाजपाई कैसे पहुंच गये**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को रविवार को एक गांव में भारी आक्रोश झेलना पड़ा। गम्हरिया के मोहनपुर में प्रचार के दौरान वहां के लोगों ने गीता कोड़ा को घेर लिया। वे हरवे हथियार से लैस थे। उनका कहना था कि बगैर ग्रामसभा से परमिशन लिये यहां भाजपाई चुनाव प्रचार के लिए कैसे पहुंचे। उन्होंने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी भी की। गीता कोड़ा समर्थकों का कहना है कि झामुमो के लोगों ने गीता कोड़ा को घेरा और उनके साथ बदसलूकी की। भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा प्रचार के लिए रापचा पंचायत के मोहनपुर पहुंची थीं। इस दौरान भाजपा और झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। धक्का-मुक्की की भी खबर है। झड़प के दौरान दोनों पक्षों के बीच राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी भी हुई। जानकारी के अनुसार वे लोग गीता कोड़ा के पाला बदलने से नाराज थे। घटना की सूचना मिलने पर गम्हरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में हैं। इधर चुनाव आयोग ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं।

### बाबूलाल मरांडी ने कायराना कृत्य बताया

गीता कोड़ा के साथ हुई घटना की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि अपनी हार तय देख कर झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गीता कोड़ा और उनके सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है, उसकी जितनी निंदा की जाये, कम है। उन्होंने कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे हैं और इसी कुंठा में भाजपा के जुझारू कार्यकर्ताओं पर हमले कर रहे हैं।

### लोहरदगा और बिशुनपुर में भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यक्रम

# हेमंत सोरेन ने मेरे पत्र पर संज्ञान ले लिया होता, तो उन्हें यह दिन देखना नहीं पड़ता : बाबूलाल मरांडी

**लोहा, बालू और कोयले की लूट के साथ ही जमीन घोटाले, क्या कुछ नहीं हुआ हेमंत के राज में**

**सत्यकाम/संतोष**

**लोहरदगा/बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमने हर मुद्दे, घपले-घोटाले पर हेमंत सोरेन को बार-बार पत्र लिखा, उस पर एक्शन लेने की बात कही। लेकिन उस पर संज्ञान लेना और जवाब देना तो दूर, उन्होंने पत्र का एक्नॉलेज भी नहीं किया। अगर वह इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई किये होते, तो आज इस हाल में नहीं होते। जेल जाने के लिए वह खुद जिम्मेवार हैं। हमने झारखंड में अवैध खनन, जमीन लूट को लेकर भी बार-बार पत्र लिखा। इस पर संज्ञान लेना तो दूर, एकनॉलेज भी नहीं करते थे। शायद इसलिए कि यह पत्र दस्तावेज या रिकॉर्ड नहीं बन जाये। उन्होंने कहा कि झामुमो वाले कह रहे हैं कि आखिर हेमंत को किस अपराध की सजा मिल रही है। तो हम बता देते हैं कि हेमंत सोरेन के खिलाफ एक-दो मामले नहीं हैं। दिल्ली हाइकोर्ट में उन्होंने जो संपत्ति का ब्योरा दिया है, उसमें जमीन की सौ डीड की बात स्वीकार की है। आखिर एक आदमी इतने कम समय में इतनी संपत्ति कैसे और कहां से अर्जित कर सकता है। आखिर उनका रोजगार क्या था। आदिवासियों की जमीन औने-पौने दामों पर नाम बदल कर उन्होंने लिखवा ली। झारखंड का कोई ऐसा जिला नहीं है, जहां हेमंत सोरेन की संपत्ति नहीं है। इससे मन नहीं भरा, तो माइंस ले लिया। देश के पहले सीएम हेमंत सोरेन रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री रहते पत्थर माइंस लिया। पत्नी को भी दिलवा दिया। वह भी तब, जब मुख्यमंत्री के साथ उनके पास खान विभाग की भी जिम्मेवारी थी। लोहरदगा और बिशुनपुर में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन पर प्रहार किया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में झारखंड में सब कुछ बेच दिया। बालू बेचा। लोहा बेचा, कोयला बेचा। यहां तक कि युवाओं की नौकरी तक बेच दी। जेपीएससी और जेएसएससी का प्रश्नपत्र लीक हो गया। हद तो तब हो गयी, जब छात्रों का एडमिट कार्ड उनके मित्र विनोद सिंह के घर से छापामारी के दौरान मिला। इडी ने 191 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इसे पढ़ने के बाद कोई भी कह सकता है कि यह क्या हो रहा था। ऐसे लोगों की जगह तो जेल ही हो सकती है। कहा कि यह झूठा प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा आयेगी, तो आदिवासियों की जमीन लूट लेगी। आदिवासी जमीन तो इन लोगों ने लूटी है। उनको यह बताना चाहिए कि सीएम रहते हुए बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास ने किसकी जमीन लूटी है।

बाबूलाल मरांडी ने भाजपा के संकल्प पत्र पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की चिंता कर रहे हैं। इसी कारण इन लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। तीन करोड़ गरीबों को आवास प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है। 70 साल के सभी बुजुर्गों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है। गरीबों को मुफ्त राशन, शौचालय, आवास, महिलाओं को गैस चूल्हा और सिलेंडर मोदी जी ने दिया है। देश को उन्होंने पांचवीं अर्थव्यवस्था की कतार में खड़ा किया है। कांग्रेस के शासन काल में भारत दसवें नंबर पर था। 2047 तक विकसित भारत का संकल्प हर हाल में पूरा होगा। ऐसा होने पर सबको रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था हो जायेगी।

**इनकी रही मौजूदगी :** लोहरदगा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, प्रदेश भाजपा के महामंत्री सह लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, सधनु भगत, रमेश उरांव, श्री चंद प्रजापति, सुनीता सिंह, एडवर्ड सोरेन, ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता जोश और उत्साह से लबरेज दिखे।



### 14 लोस सीट पर भाजपा का परचम

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेल और बेल में रहने वाले व्यक्ति झारखंड में भाजपा के संकल्प को रोकने की निरर्थक कोशिश कर रहे हैं। बावजूद इसके राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों में भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

### प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने इतने साल शासन किया, लेकिन कुछ नहीं किया। इसी कारण कांग्रेस के लोगों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि भाजपा आयेगी, तो लोग विस्थापित होंगे। एचइसी, सीसीएल, बीसीसीएल, बोकारो स्टील, सिंदरी खाद कारखाना जैसी कई परियोजनाएं कांग्रेस के शासन में आयीं। इससे बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हुए। आज वे लोग कहां हैं, किसी को नहीं पता है। ये लोग भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगा रहा है। इनको घपला-घोटाला ही आता है। इसलिए विरोध कर रहे हैं। जनता सब देख रही है। नरेंद्र मोदी प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।



# कोडरमा में भाजपा के गढ़ पर भाकपा माले की चढ़ाई

## ■ अन्नपूर्णा देवी की राह को लगातार कंटीला बना रहे हैं विनोद सिंह

## ■ दोनों के पास अपनी-अपनी विरासत और अनुभवों का बड़ा खजाना

## ■ जातीय गोलबंदी और मुद्दों के ढेर में फंसे वोटरों को साधने की चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष**

**कोडरमा झारखंड का सबसे नया संसदीय क्षेत्र है। यह 1977 में अस्तित्व में आया। राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में से एक इस क्षेत्र में कोडरमा जिले के साथ-साथ हजारीबाग और गिरिडीह जिले के कुछ इलाके शामिल हैं। इसमें छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। झारखंड का प्रवेश द्वार कहा जानेवाला कोडरमा हमेशा से रोमांचक चुनावी मुकाबले का गवाह रहा है, क्योंकि यहां जातीय गोलबंदी और मुद्दों के ढेर में मतदाताओं का मन टटोलना अक्सर टेढ़ी खीर साबित होता है। इस बार कोडरमा संसदीय क्षेत्र का मुकाबला बेहद रोचक है, क्योंकि पहली बार यहां भाजपा को भाकपा माले से सीधी चुनौती मिल रही है। कोडरमा को भाजपा का गढ़ माना जाता है और कहा जाता है कि इस सीट पर उससे पार पाना मुश्किल है। लेकिन इस बार स्थिति बदली हुई नजर आ रही है। भाजपा ने अन्नपूर्णा देवी को दोबारा मैदान में उतारा है, तो उनके सामने भाकपा माले के विनोद सिंह हैं, जो बगोदर से विधायक भी हैं। इन दोनों प्रत्याशियों में कई समानताएं हैं और सियासी अनुभव के लिहाज से भी दोनों लगभग बराबर हैं। अन्नपूर्णा जहां अपने दिवंगत पति रमेश यादव की विरासत संभाल रही हैं, तो विनोद सिंह के पास अपने पिता महेंद्र सिंह की विरासत है। विनोद सिंह पहली बार संसदीय चुनाव में उतरे हैं, लेकिन राजनीति का लंबा अनुभव उन्हें कहीं से भी अन्नपूर्णा देवी से पीछे नहीं रखता। क्या है कोडरमा संसदीय क्षेत्र का माहौल और कैसी है मुकाबले की जमीन, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड के 14 संसदीय क्षेत्रों में से एक कोडरमा एक तरफ झारखंड के प्रवेश द्वार के नाम से जाना जाता है, तो दूसरी तरफ अभ्रक की फीकी पड़ती चमक ने यहां की सियासत को कहीं गहरे प्रभावित किया है। ढीबरा, यानी अभ्रक मजदूरों का मुद्दा कोडरमा की सांसों में घुला हुआ मिलता है, तो यहां की सियासी मुकाबले में इसकी झलक मिलती है। कोडरमा संसदीय क्षेत्र 1977 में अस्तित्व में आया। तब से लेकर अब तक चुनाव दर चुनाव यह क्षेत्र भाजपा के मजबूत गढ़ के रूप में स्थापित हो गया है, हालांकि यहां से राजद और अब भाजपा में विलीन हो चुके झारखंड विकास मोर्चा को भी जीत मिल चुकी है। 2019 में भाजपा से अन्नपूर्णा देवी ने यहां से जीत दर्ज की थी। भाजपा ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है, जबकि उनके सामने बगोदर के भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह हैं, जो पहली बार संसदीय चुनाव में उतरे हैं।

कोडरमा लोकसभा सीट पर कांग्रेस कभी भी मजबूत नहीं रही। यह भाजपा की पारंपरिक सीट मानी जाती है। भाजपा ने यहां हुए 13 लोकसभा चुनावों में छह बार जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस दो बार। इस लोकसभा क्षेत्र में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के अलावा हजारीबाग जिले का बरकट्ठा, गिरिडीह का धनवार, बगोदर, जमुआ और गांडेय विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इस संसदीय क्षेत्र को अभ्रक के लिए जाना जाता है।

### कोडरमा सीट का सियासी इतिहास

इस संसदीय क्षेत्र में कोडरमा जिले समेत हजारीबाग और गिरिडीह जिले के कुछ इलाके शामिल किये गये हैं। इसमें छह विधानसभा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इस सीट पर 1977 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ था। यहां जनता पार्टी के रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद चुने गये थे। 1980 में रीत लाल प्रसाद वर्मा यहां लगातार दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुए। वहीं 1984 के चुनाव में कांग्रेस के तिलकधारी सिंह ने बाजी मारी। इसके बाद 1989 में भाजपा के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा तीसरी बार सांसद बनकर लोकसभा पहुंचे, हालांकि 1991 में जनता दल के उम्मीदवार मुमताज अंसारी ने यहां से जीत दर्ज की। इसके बार फिर 1996 और 1998 में चौथी और पांचवी बार भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा ने जीत दर्ज की। साल 1999 में कांग्रेस के तिलकधारी सिंह दोबारा सांसद निर्वाचित हुए। वहीं 2004 में बाबूलाल मरांडी भाजपा के टिकट पर, 2006 के उपचुनाव में निर्दलीय और 2009 में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर लगातार तीन बार सांसद चुने गये। 2014 में भाजपा के रवींद्र कुमार राय और 2019 में भाजपा की अन्नपूर्णा देवी ने यहां से जीत दर्ज कर भगवा लहराया।




### मतदाता और सामाजिक तानाबाना

2019 के आंकड़ों के मुताबिक कोडरमा लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 12 लाख नौ हजार 541 है। 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां की आबादी 28 लाख 27 हजार 701 है। यहां की लगभग 93.52 फीसदी आबादी गावों में रहती है, वहीं 6.48 फीसदी आबादी शहर में रहती है। यहां पर एससी समुदाय की आबादी 14.05 प्रतिशत है और एसटी समुदाय की आबादी 5.96 प्रतिशत है।

### क्या है सियासी माहौल

कोडरमा संसदीय क्षेत्र में जारी सियासी विमर्शों में देश से लेकर इलाके की राजनीति में अपने समुदाय की भूमिका, भविष्य, उसमें हिस्सेदारी, मान-सम्मान, अपेक्षा, उपेक्षा तक की चर्चा होती है। कई बार एकमत नहीं होने पर विरोधाभास सामने आते हैं। मंथन का यह दौर हर समुदाय में शुरू हो गया है। एक दल विशेष से असंतुष्ट दो-तीन बड़े वोट बैंक की लाइन ही बहुत स्पष्ट है, जबकि अन्य बड़े वोट बैंक में विभाजन की स्थिति है। इसी को तोड़ने-समेटने में पार्टियां अपने-अपने स्तर से लगी हुई हैं। जाति के अनुसार नेताओं को उनके स्वजातीय लोगों के बीच लगाये जा रहे हैं। इधर, सत्ता के आकर्षण में एक छतरी के नीचे जुटे नेताओं की आकांक्षा, महत्वाकांक्षा, घात, भितरघात का खेल भी कौन सा गुल खिलायेगी, यह आनेवाले समय में ही पता चलेगा।

### कोडरमा का जातीय समीकरण

कोडरमा संसदीय क्षेत्र का जातीय समीकरण कई बार अलग-अलग दलों की जीत का कारण बन चुका है। इसी समीकरण के बूते यह सीट एक समय भाजपा का गढ़ रहा। इस सीट से भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा इसी समीकरण के बूते छह बार जीते थे, जबकि एक बार अदालत से उनके पक्ष में निर्णय हुआ था। इस सीट पर कोयरी, वैश्य और अन्य पिछड़ी जातियों के वोटरों की किसी पार्टी के पक्ष में एकजुटता कई बार उनकी जीत का कारण बना है। कोडरमा संसदीय सीट से पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार ज्यादातर अवधि में विजयी होते रहे हैं। इंदिरा गांधी की लहर में जब दूसरी सीटों से जनसंघ के दिग्गज नेता पराजित हो गये थे, उस समय भी रीतलाल प्रसाद वर्मा विजयी हुए थे। कोडरमा का भंडारो गांव भाजपा के 'गुरुकुल' के रूप में चर्चित रहा है। रीतलाल प्रसाद वर्मा के बड़े भाई जगदीश प्रसाद कुशवाहा को लोग भाजपा के भीष्म पितामह के रूप में जानते थे। उनके सान्निध्य में रीतलाल प्रसाद वर्मा चुनाव लड़ते थे और विजयी हुआ करते थे। कई अन्य नेताओं ने भी भंडारो से अपनी राजनीतिक शुरुआत की और बाद में अन्य स्थानों से विधायक बने।

### क्या है 2024 का परिदृश्य

कोडरमा में इस बार राजनीतिक परिवर्तन बड़ा रूप ले चुका है। 2019 में अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा से, जबकि बाबूलाल मरांडी ने झारखंड विकास मोर्चा से चुनाव लड़ा था। अन्नपूर्णा देवी को 62.3 फीसदी और बाबूलाल मरांडी को 24.6 फीसदी वोट मिले। अब जब बाबूलाल मरांडी भाजपा का हिस्सा बन गये हैं और अन्नपूर्णा देवी भी मोदी सरकार में मंत्री हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि कोडरमा सीट भाजपा के लिए काफी सुरक्षित है।

### मजबूत प्रतिद्वंद्वी हैं विनोद सिंह

तमाम अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अन्नपूर्णा देवी के सामने भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। भाकपा माले के दिग्गज नेता रहे महेंद्र सिंह के पुत्र विनोद सिंह बगोदर से तीन बार के विधायक हैं। हत्या से पहले महेंद्र सिंह भी बगोदर से तीन बार विधायक रहे थे और अब विनोद सिंह के साथ भी यही स्थिति है। उनकी उम्मीदवारी के साथ बगोदर में उनके द्वारा अब तक किये गये कार्यों की भी चर्चा होगी और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा किया गया विकास भी मुद्दा होगा। मंत्री पद पाने वाली अन्नपूर्णा देवी के काम और विनोद सिंह के काम के बारे में भी बात होगी।

### दोनों में हैं कई समानताएं

अन्नपूर्णा देवी और विनोद सिंह में कई समानताएं हैं। अन्नपूर्णा देवी अपने पति रमेश प्रसाद यादव के निधन के बाद राजनीति में आयीं और विधायक बनीं। वह पहले राजद में थीं और झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष भी रहीं। 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने राजद छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गयीं। 48 वर्षीय विनोद सिंह ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की और महेंद्र सिंह की हत्या के बाद राजनीति में आये। 2022 में उन्हें झारखंड के उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

---

## भाजपा के संकल्प पत्र पर झामुमो ने साधा निशाना

# महंगाई, बेरोजगारी, किसान, मणिपुर के मुद्दे गायब: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो ने भाजपा के संकल्प पत्र पर निशाना साधा। रविवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह भाजपा का संकल्प पत्र नहीं है। भाजपा गुम हो गयी है। एक अधिनायकवादी, तानाशाही राजा का पत्र है। इसमें संघीय ढांचे को तहस-नहस करने की गारंटी दी गयी है। यह मोदी की उद्योगपतियों के लिए लूट की छूट की गारंटी है। मोदी के संकल्प पत्र में मणिपुर, महंगाई, बेरोजगारी, किसान, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का जिक्र तक नहीं है। संकल्प पत्र में नहीं बताया गया कि 400 का सिलेंडर इतना महंगा कैसे हो गया। गरीबी हटाने की बात करने वाले मोदी जी ने यह नहीं बताया कि देश में 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त में अनाज क्यों नहीं दिया जा रहा है। तेल का भाव, चावल का भाव, गेंहू,सरसो तेल, दाल, प्याज के भाव को लेकर कोई जिक्र नहीं किया गया। बेरोजगारी का जिक्र नहीं किया गया।

**सोशल-डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की बातें समझ से परे :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संकल्प पत्र में सोशल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की बातें कही गयी हैं। मगर यह क्या है, इसका कोई स्पष्ट जिक्र नहीं है, जिसे जरा भी गणित और विज्ञान की समक्ष है, वह आसानी से समझ सकते हैं कि यह 360 डिग्री की तरह गोल-गोल घुमाया गया है। एक आंकड़े के अनुसार देश में 83 प्रतिशत बेरोजगारी है। 85 करोड़ को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, जो गरीबी को दर्शाता है। जिस देश के मणिपुर में मां-बहनों के साथ ऐसा अत्याचार होता है, नंगा घुमाया जाता है, बलात्कार होता है, हमारे देश के पीएम वहां जाते ही नहीं हैं। भुखमरी में हमारे देश की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है। जिस देश में 700 से अधिक किसान आत्महत्या करते हों, जिस देश पीएम किसानों से बातचीत नहीं करते हैं। देश की सुरक्षा और प्रकृति की सुरक्षा की बातें की जाती हैं, वहां पर सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करना पूरी तरह से बेईमानी है। रही बात डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की तो यह अडाणी और अंबानी के लिए किया गया है।

---

## झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा ट्रेन से पहुंचे पाकुड़, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, कहा-

# राजमहल की जनता के आशीर्वाद से लहरेगा जीत का परचम

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राजमहल संसदीय सीट से झामुमो के प्रत्याशी बनाये गये विजय हांसदा टिकट मिलने के बाद रविवार को पहली बार पाकुड़ ट्रेन से पहुंचे। पाकुड़ पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कहा कि रेल की डिमांड पर मैं लगातार सदन में और सदन के बाहर मांग उठाता रहा हूं, रेल मंत्रालय की बैठक में भी पाकुड़ और साहिबगंज की रेल सुविधा बढ़ाने की मांग को ले रखता रहा हूं। लेकिन डिमांड और सुविधा के नाम पर जितना राजस्व पाकुड़ और साहिबगंज जिले से रेल मंत्रालय को मिलता है, उस अनुरूप सुविधा नहीं मिली, इसका जवाब समय पर जनता देगी। 2014 में जो मुद्दों को लेकर केंद्र में भाजपा की सरकार देश में बनी, लेकिन जनता आज महंगाई की मार के साथ बेरोजगारी की मार झेल रही है। भाजपा सिर्फ अपनी पॉकेट भरने का काम किया है। राम के नाम पर वोट मांगने की बात कहते हैं, लेकिन राम सबके पूजनीय हैं। धर्म के नाम पर देश को बांटना छोड़ दें, यह देश सबके लिए है। यहां की जनता ने जो हमें प्यार दिया है वह निरंतर मिलता रहेगा। क्षेत्र के लिए विकास को ले सदन के अंदर और सदन के बाहर हमेशा अग्रसर रहा हूं, आगे भी रहूंगा। आगे के लिए कह सकता हूं कि रोड मैप के माध्यम से काम होगा। 2014 के बाद से मैंने सबसे ज्यादा रोड कनेक्टिविटी पर काम किया है। लोबिन के चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि हमारे यहां लास्ट फेज में चुनाव होना है इन सब चीजों को समय रहते सब ठीक कर लिया जायेगा।

मौके पर जिला अध्यक्ष श्याम यादव, जिला सचिव सुलेमान बास्की, महमूद आलम, फारूक आलम, प्रकाश सिंह, सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

---

# रांची में कार से 11.45 लाख बरामद

- लालपुर में वाहन चेकिंग के दौरान हुई बरामदगी
- आयकर विभाग की टीम कर रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में वाहन चेकिंग के दौरान रविवार को 11.45 लाख रुपये बरामद किये गये। इस बारे में पुलिस ने आयकर विभाग को जानकारी दे दी है, जो मामले की जांच कर रही है। बरामद रकम पंडरा बाजार समिति के एक कारोबारी का बताया जा रहा है। बता दें कि पूरे राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में भी लालपुर पुलिस द्वारा रविवार को वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेक किया गया, तो उसमें से 11.45 लाख नगद रुपये बरामद किये गये। सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है, ताकि अवैध हथियार, शराब और नगद सहित दूसरी चीजों को बरामद किया जा सके। इसी कड़ी में लालपुर इलाके से चेकिंग के दौरान 11.45 लाख रुपये बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि बरामद रकम की जानकारी आयकर विभाग को भी दी गयी है। आयकर की टीम लालपुर थाने पहुंच कर तहकीकात कर रही है।

**उचित प्रमाण देना होगा**

**पुलिस के अनुसार बरामद रकम पंडरा स्थित बाजार समिति में कारोबार करने वाले एक कारोबारी का है। उसने पुलिस को बताया है कि पैसे खूंटी से वसूल कर लाया जा रहा था। सभी पैसे कारोबार के हैं और उनके उचित प्रमाण भी हैं।**

---

# 10 साल में देश की तस्वीर बदल गयी: संजय सेठ

- नरेंद्र मोदी का लक्ष्य अंत्योदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता




**ओरमांझी।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है, अंत्योदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे, इसी के तहत लगातार गरीबों को मुफ्त में अनाज, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन खाता के माध्यम से बैंकों में खाता खोलना, आयुष्मान कार्ड के तहत पांच लाख तक मुफ्त में इलाज सहित कई ऐसे कार्य किये जा रहे हैं। देश की महिलाओं को एक बड़ा उपहार दिया है। 33 प्रतिशत आरक्षण के रूप में अब संसद में पुरुषों के बराबर में महिलाएं सांसद बनेंगी। देश के हर पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। ओरमांझी के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को बैठक में सांसद संजय सेठ बोल रहे थे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गये हैं। विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी, जो काम 70 सालों में नहीं हो पाया, वह आज 10 वर्षों में संभव हो पाया है। इसमें भाजपा प्रदेश की उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, अमरनाथ चौधरी, नसीब लाल महतो, दिलीप मेहता, मानकी राजेंद्र शाही, डॉ बिरसा उरांव, सिकंदर महतो, अलखनाथ महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# सियासत की आभासी जंग में भाजपा-कांग्रेस आगे

## हर दिन जारी हो रहे हैं औसतन एक हजार डिजिटल विज्ञापन

सलोनी

**लोकसभा** चुनाव की आभासी सियासी जंग भी बेहद दिलचस्प है। मतदाताओं तक सीधे पहुंच बनाने वाले इस प्लेटफॉर्म पर मुकाबला अभी भाजपा और कांग्रेस के बीच दिख रहा है। गूगल एड और मेटा के सियासी विज्ञापन इसका सहारा बने हैं। आने वाले दिनों में इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है। जानकारों के अनुसार आभासी दुनिया में पार्टियां तीन तरीके से मतदाताओं तक पहुंच रही हैं। इसमें दो बड़े प्लेटफॉर्म गूगल एड और मेटा है। पार्टियां दोनों प्लेटफॉर्म पर लुभावने विज्ञापन दिखाकर मतदाताओं को अपने हक में लामबंद करने की कोशिश कर रही हैं। इसकी एवज में राजनीतिक दलों को खर्च भी करना पड़ता है। तीसरा तरीका इनफ्लूएंसर होता है, जिस पर होने वाले खर्च का पता करना पाना आसान नहीं होता।

आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद से भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी इस माध्यम पर भरोसा जताया है। बीते करीब एक महीने में गूगल एड पर कांग्रेस ने 93 लाख रुपये और भाजपा ने 1.26 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। वहीं मेटा पर आंकड़ा क्रमशः 1.36 लाख और 2.16 लाख रुपये का है। दूसरी तरफ आप ने अभी तक सिर्फ 46 लाख रुपये खर्च किये हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ये आंकड़े आभासी दुनिया की झलक दिखा रहे हैं। गूगल एड और मेटा पारदर्शी तरीके से खर्च को बता देता है। यह भरोसेमंद भी है। लेकिन इसमें दिक्कत यह है कि पार्टी के स्तर पर किया गया खर्च भी रिफ्लेक्ट होता है। उम्मीदवार के खर्च की जानकारी नहीं मिल पाती। फिर इनफ्लुएंसर पर किये गये खर्च को भी नहीं पता किया जा सकता है।

### जानकारी



### एक करोड़ यूजर तक पहुंचा एड

दिलचस्प यह कि विज्ञापनों की यूजर तक पहुंच भी अलग-अलग रही है। डेटा के मुताबिक, भाजपा के एक फोटो विज्ञापन को गूगल ने एक करोड़ से अधिक बार यूजर को दिखाया है। 23 दिनों में इस पर सिर्फ तीन लाख रुपये खर्च किये। वहीं, कांग्रेस का वीडियो विज्ञापन पांच लाख रुपये खर्च करने पर 45 लाख बार यूजर को दिखाया गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि फोटो विज्ञापन सस्ता पड़ता है,जबकि वीडियो और पॉडकास्ट महंगा पड़ता है।

### विज्ञापन में पार्टियों के दावे

- भाजपा का विज्ञापन सकारात्मक और अपनी योजनाओं को प्रचार करने वाला है। साथ में बीच-बीच में दावा भ्रष्टाचार हटाने का भी है।
- कांग्रेस और आप के ज्यादातर विज्ञापनों में भाजपा और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया गया है। बीच-बीच में वादे और इरादों पर दोनों दल चर्चा करते हैं।

### ऐसे होता है विज्ञापन

- पार्टियां डिजिटल प्लेटफार्म पर क्षेत्र, आयु, वर्ग और पसंद के आधार पर लक्षित समूह बनाती हैं। इसके बाद बजट और उसे चलाने की अवधि भी तय की जाती है। फिर यह विज्ञापन यूट्यूब वीडियो, वेबसाइट, एप आदि के जरिये यूजर तक पहुंचता है। यूजर अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार विज्ञापन पर जब अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, तब विज्ञापन का मकसद पूरा हो जाता है।

### संजीदगी से तय होता है कंटेंट

- विशेषज्ञ बताते हैं कि आज के दौर में नियम सख्त हैं। चुनाव आयोग भी निगरानी कर रहा है। ऐसे में विज्ञापन का कंटेंट तय करने में संजीदगी दिखानी पड़ती है। अगर विज्ञापन नियमों को तोड़ता है तो उसे गूगल एड और मेटा से हटा दिया जाता है।

### हर दिन औसतन एक हजार डिजिटल विज्ञापन

गूगल एड ट्रांसपेरेंसी सेंटर की ओर से जारी किये गये आंकड़ों के मुताबिक, राजनीतिक दलों ने चुनाव की घोषणा के दिन से लेकर अब तक दिल्ली में दिखाये जाने वाले 44768 डिजिटल विज्ञापन जारी किये हैं। इस लिहाज से हर दिन एक हजार और हर घंटे 44 से ज्यादा विज्ञापन यूजर तक पहुंच रहे हैं। इस पर होने वाला खर्च 1.16 करोड़ रुपये है। इस मामले में भाजपा ने सबसे अधिक रुपये खर्च किये हैं। भाजपा ने 16 मार्च से अब तक लगभग 56 लाख रुपये गूगल एड पर खर्च किए हैं, जबकि कांग्रेस ने इस अवधि में 43 लाख रुपये खर्च किये हैं। आप ने अभी तक गूगल एड्स पर भरोसा नहीं जताया है। उधर, मेटा की एड लाइब्रेरी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक माह में 10 अप्रैल तक भाजपा ने केवल इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऑनलाइन विज्ञापनों में 1.76 करोड़ रुपये खर्च किये हैं, जबकि इस अवधि के दौरान कांग्रेस ने विज्ञापनों पर करीब 93 लाख रुपये खर्च किये हैं। हालांकि, आप ने मेटा में रुचि दिखायी है।

# निजी विमान-हेलीकॉप्टर की मांग 40 फीसदी तक बढ़ी

अक्षय

**लोकसभा** चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गयी है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है। चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गयी है। एक एयरक्राफ्ट के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5-1.7 लाख रुपये का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाये, तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं। जानकारी के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। जानकारों के अनुसार, चार्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है।

### प्रचार का फंडा



आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। बाजार दर के अनुसार, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80,000 से 90,000 रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3.5 लाख रुपये तक हो जाती है। एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4.5 लाख से 5.25 लाख रुपये तक पड़ेगा। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गये 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया है, जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ रुपये खर्च किया गया है।

# जब नेहरू ने कांग्रेस की हार के बाद भी वादा निभाया

### चुनावी किस्सा




राजवीर

**नेताओं** की वादाखिलाफी की आदत अब आम हो गयी है। चुनावों के दौरान किये जाने वाले वादे तो यों भी, कहा जाता है कि, पूरे करने के लिए नहीं होते। लेकिन आजादी के फौरन बाद के दशकों में ऐसा नहीं था। चुनावों के दौरान नेता जो वादे करते, उन्हें याद भी रखते थे और निभाते भी थे। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1962 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की बाराबंकी लोकसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी के लिए वोट मांगते हुए किया गया एक वादा मतदाताओं द्वारा उनकी अनसुनी कर उनके प्रत्याशी को हरा देने के बावजूद निभाया था। उस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हुसैन कामिल किदवई सोशलिस्ट पार्टी के नेता रामसेवक यादव से कड़े संघर्ष में फंसे थे। उनकी मांग पर पंडित नेहरू वोट मांगने बाराबंकी आये तो उसके रामनगर वाइस पैवेलियन मैदान (जहां अब पुलिस लाइन है) में हुई उनकी सभा में भारी जनसैलाब उमड़ा। इस कदर कि मैदान में तिल रखने की भी जगह नहीं बची। सभा में कुछ छात्रों ने उनसे बारांबकी में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने की मांग की और बताया कि उसके अभाव में उन्हें उच्च शिक्षा के लिए लखनऊ जाना पड़ता है। इन छात्रों ने सभा के बाद उनसे मिलकर फिर अपनी मांग दोहरायी, तो उन्होंने उनसे उनकी मांग पूरी करने की हामी भर ली। फिर अपने साथ बैठे उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त से कहा कि वे चुनाव के फौरन बाद डिग्री कॉलेज स्थापना की प्रकिया आरंभ करा दें। लेकिन मतगणना में हुसैन कामिल किदवई रामसेवक यादव के मुकाबले पांच सौ वोटों से हार गये, तो डिग्री कॉलेज की मांग करने वाले छात्रों को लगा कि अब नेहरू अपना वादा नहीं ही निभायेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नेहरू इस बाबत चंद्रभानु गुप्त को तब तक याद दिलाते रहे, जब तक डिग्री कॉलेज स्थापित नहीं हो गया। गुप्त को एक पत्र में उन्होंने यह भी लिखा कि लोगों में यह संदेश कतई नहीं जाना चाहिए कि हमारा प्रत्याशी हार गया, तो हम अपना वादा निभाने में रुचि नहीं ले रहे। 27 मई, 1964 को नेहरू का निधन हुआ, तो कृतज्ञ छात्रों की मांग पर उस कॉलेज के साथ उनका नाम जोड़ दिया गया और अब वह जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज कहलाता है।

# समस्तीपुर में जदयू के दो मंत्रियों की संतान आमने-सामने

विद्यासागर

**समस्तीपुर** (सुरक्षित) लोकसभा सीट पर बिहार सरकार के दो मंत्री, जो कि एक ही पार्टी (जदयू) में हैं, के बच्चों के बीच टकराव होगा। एनडीए में शामिल चिराग पासवान की अगुवाई वाली लोजपा (रामविलास) ने बिहार सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी (25) को मैदान में उतारा है। उन्होंने अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। यह सीट वर्तमान में चिराग के चचेरे भाई प्रिंस राज के पास है, जिन्होंने 2019 में लोजपा के उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। 2021 में पार्टी तोड़कर चिराग से अलग हो जाने के कारण प्रिंस इस बार टिकट नहीं पा सके। दलितों के लिए आरक्षित इस सीट पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे। नामांकन की तारीख 18 से 25 अप्रैल है।

चर्चा है कि बिहार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी समस्तीपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। सन्नी पांच अप्रैल को पटना में कांग्रेस में शामिल हो गये थे। सन्नी की संसदीय क्षेत्र में सक्रियता और

### बिहार का रणक्षेत्र



नामांकन की तारीख में चंद दिन बचे होने के बाद भी इंडी से किसी अन्य नाम की सुगबुगाहट न होना इस बात का संकेत है। सन्नी के नाम के ऐलान की औपचारिकता ऐन वक्त पर की जायेगी, ऐसा सब मानकर चल रहे हैं। यदि ऐसा होता है, तो बिहार की राजनीति में यह दुर्लभ संयोग होगा कि एक ही पार्टी के नेता, जो सरकार में मंत्री भी हैं, और उनके बच्चे दूसरी-दूसरी पार्टी (लोजपा-आर और कांग्रेस) के सिंबल पर चुनाव मैदान में उतरे हों।

मंत्री महेश्वर हजारी अपने बेटे के कांग्रेस में जाने के फैसले से खुद को अलग कर लिया है। सन्नी हजारी 2021 से समस्तीपुर जिले के खानपुर ब्लॉक के प्रमुख हैं। जदयू के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में महेश्वर हजारी की दुविधा है। उनकी अपनी पार्टी जदयू और लोजपा-आर एनडीए का हिस्सा है। बेटा एनडीए के खिलाफ चुनाव लड़ेगा, तो उसके लिए वोट मांगना सहज नहीं होगा। वह खुद 2009 में समस्तीपुर लोकसभा सीट से ही जदयू के चुनाव चिह्न पर जीत दर्ज कर चुके हैं। इसके विपरीत मंत्री अशोक चौधरी किसी भी दुविधा से मुक्त होकर अपनी बेटी के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं, हालांकि समस्तीपुर का टिकट मिलने से पहले वह चाहते थे कि बेटी को जमुई से चुनाव लड़ाया जाये।

दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक करनेवाली 25 वर्षीय शांभवी ने एमिटी यूनिवर्सिटी से समाजशास्त्र में भी पीएचडी कर रखा है। वर्तमान में ज्ञान निकेतन स्कूल, पटना में डायरेक्टर के पद पर वह अपनी सेवा दे रही हैं। उनकी शादी आचार्य किशोर कुणाल के बेटे सायन कुणाल से हुई है। किशोर कुणाल भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी और संस्कृत अध्येता हैं। वे बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष होने के साथ-साथ पटना के महावीर मंदिर न्यास के सचिव भी हैं। शांभवी संसदीय चुनावों में सबसे कम उम्र की उम्मीदवारों वाली सूची में हैं। हाल ही में एक सवाल के जवाब में एक टीवी न्यूज चैनल को दिये इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि वे पहले कभी समस्तीपुर नहीं गयीं, लेकिन उनकी सास समस्तीपुर से हैं। वह अपने परिवार में तीसरी पीढ़ी की नेता होंगी। उनके दादा महावीर चौधरी भी कांग्रेस के नेता थे। वह नौ बार विधायक चुने गये।

# 'लोकतंत्र' और 'मतदाता' की शादी का कार्ड

प्रशांत

**राजनेता** और मंत्रियों के बाद लोकसभा चुनाव का असर आम जनता के भी सिर चढ़कर बोल रहा है।

लोग चुनाव और मतदान की अहमियत समझाने के लिए अनोखे तरीके खोज रहे हैं। इस वक्त एक ऐसा अनोखा शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तैर रहा है, जिसने यूजर्स के बीच चर्चा शुरू कर दी है। रेडिट पर शेयर किये गये इस निमंत्रण कार्ड पर लिखा है, 'लोकतंत्र' और 'मतदाता' एक-दूसरे से शादी कर रहे हैं।

रेडिट पर 'युनाइटेड स्टेट्स ऑफ इंडिया' नामक हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया गया है, जो नागरिकों को उनके मतदान अधिकार का उपयोग करने का संदेश देता है। इस निमंत्रण कार्ड में मराठी में लिखा है, संविधान के दिये गये अधिकारों के अनुसार और अपने देश को

### कैसे-कैसे प्रचार




समृद्ध बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाने के लिए हमें अपनी आवाज संसद तक पहुंचानी चाहिए और इसके लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। निमंत्रण कार्ड को दिलचस्प बनाते हुए लिखा है कि 'लोकतंत्र' और 'मतदाता' एक-दूसरे से शादी कर रहे हैं। विवाह स्थल की जगह लिखा है, 'आपका मतदान केंद्र'।

# सत्ता से बाहर होते ही कमजोर पड़ती गयी कांग्रेस

### पार्टियों की सेहत

शंकर

**मौजूदा** चुनाव देश की सबसे पुरानी पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के लिए किसी भी लिहाज से जीवन-मरण से कम नहीं। 2014 के बाद से लगातार दहाई के आंकड़ों पर सिमटी कांग्रेस का प्रदर्शन लोकसभा में इतना निराशाजनक रहा कि वह अपने बूते नेता प्रतिपक्ष का दर्जा भी नहीं पा सकी। इस बार कांग्रेस पर निगाहें लगी हैं कि क्या सबसे पुराना दल अपने बूते सेंचुरी लगा पायेगा, क्या वह घटक दलों के साथ मिलकर मोदी का रथ रोक पाएगा या विपक्ष में ही बैठना होगा।

### दो सौ सीटों पर भाजपा से सीधी टक्कर

**देश** की 543 में से दो सौ लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला है। इनमें कर्नाटक, छत्तीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, असम, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश प्रमुख हैं। दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर भारत और पूर्वोत्तर में कांग्रेस काफी कमजोर हुई है। यहां कांग्रेस का संगठन और ढांचा पूरी तरह से चरमराया हुआ है। यही वजह है कि इन सभी राज्यों में भाजपा का विजय रथ चल रहा है। साउथ में कांग्रेस अभी भी मजबूत है। कर्नाटक और तेलंगाना में उसकी सरकार है, जबकि केरल में वह प्रमुख विपक्षी दल है। इसी तरह से तमिलनाडु में वह डीएमके के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल है। जबकि नॉर्थ में कांग्रेस ज्यादातर राज्यों में क्षेत्रीय दलों के भरोसे है। बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, तमिलनाडु, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के सहारे राजनीति कर रही है। जहां-जहां गठबंधन में क्षेत्रीय दलों ने अपना हाथ ऊपर रखा, वहां गठबंधन का प्रदर्शन ठीक रहा, लेकिन जहां कांग्रेस को ज्यादा सीटें दे दी गयीं, वहां भाजपा को फायदा मिलते देखा गया। ऐसे में अगर कांग्रेस अपना प्रदर्शन पिछले दो लोकसभा चुनावों से बेहतर नहीं करती, तो उसके राजनीतिक अस्तित्व पर बड़ा सवालिया निशान लगेगा।



### खराब प्रदर्शन से पकड़ और कमजोर होगी

साथ ही खराब प्रदर्शन के बाद विपक्षी खेमे में कांग्रेस की भूमिका और उसकी पकड़ दोनों ही कमजोर होगी। लोकसभा चुनाव से पहले हुए पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार का ही नतीजा है कि आज इंडी अलायंस में कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के साथ तालमेल बैठाने में न सिर्फ दिक्कत आ रही है, बल्कि क्षेत्रीय दल लगातार कांग्रेस को आंखें दिखा रहे हैं। इस चुनाव में कांग्रेस के सामने एक बड़ा सवाल इसका भी है कि अगर वह अपना प्रदर्शन नहीं सुधारती तो न सिर्फ पार्टी में बड़े पैमाने पर भगदड़ बचेगी, बल्कि कांग्रेस शासित राज्यों में सरकार पर भी संकट आ सकता है। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश में ऐसी कोशिश दिखाई दी थी। भले ही आज कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो, लेकिन पार्टी का चेहरा आज भी गांधी परिवार, खासकर राहुल गांधी माने जाते हैं। पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहता है तो उस स्थिति में न सिर्फ गांधी परिवार और राहुल गांधी की साख पर सवाल उठेंगे, बल्कि कांग्रेस के भीतर गांधी परिवार की पकड़ कमजोर होगी।

### क्षेत्रीय दल न ले लें कांग्रेस की जगह

जहां भाजपा से सीधा मुकाबला है, अगर वहां कांग्रेस का प्रदर्शन नहीं सुधरता या पार्टी कमजोर पड़ती है तो आने वाले समय में यह जगह क्षेत्रीय दल भरते दिखाई देंगे। इसका सबसे अच्छा उदाहरण दिल्ली, पंजाब और गुजरात में दिखाई देता है। दिल्ली और पंजाब दोनों ही जगह आप ने न सिर्फ कांग्रेस की जगह ले ली, बल्कि वह सत्ता तक पहुंच गयी। वहीं, गुजरात में आप तेजी से कांग्रेस की जगह लेती दिखाई दे रही है। पिछले असेंबली चुनाव में आप वहां 12 फीसदी वोट ले गयी। नतीजा, गुजरात में जहां पहले कांग्रेस-भाजपा का सीधा मुकाबला था, वहां उसे दो सीटों पर आप के साथ तालमेल करना पड़ा। अगर इन चुनाव में कांग्रेस अपने बूते मजबूत प्रदर्शन नहीं करती तो अलग-अलग न सिर्फ क्षेत्रीय दल उसकी जगह लेने के लिए कोशिश करेंगे, बल्कि जिन राज्यों में अभी कोई क्षेत्रीय दल नहीं है, वहां भी क्षेत्रीय दल के उभरने की संभावना बढ़ेगी। देश में मौजूद ज्यादातर क्षेत्रीय दल या तो कांग्रेस से निकले हैं या फिर उसी की जगह लेकर अपनी राजनीति चला रहे हैं। कांग्रेस की कमजोरी का सीधा मतलब क्षेत्रीय दलों का मजबूती है। कांग्रेस का प्रदर्शन कमजोर रहता है, तो राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस पार्टी के ऊपर सवालिया निशान लगेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90,000 रु./प्रति किलो |



# डॉ भीमराव अंबेडकर का जीवन हमारे लिये प्रेरणास्रोत: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

- बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : अमर बाऊरी
- बाबासाहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये अमृत छोड़ गये : नागेंद्रनाथ
- बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलकर ही हम महान भारत की कल्पना साकार कर सकते हैं: कर्मवीर सिंह

**रांची।** 14 अप्रैल बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश और समाज के लिए उनके योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के लिए सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहब का जीवन हम सबों के लिए सदा प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।



वहीं प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने बाबा साहब डॉ डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

वहीं महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनायें झेंली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होंने बाबा साहब की ऊंचाई को समझते हुए आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं एवं उनके कार्यकाल आज दलित समाज जो कभी शोषित पीड़ित हुआ करता था आज अग्रिम पंक्ति की ओर बढ़ रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् एवं राजनीतीज्ञ के रूप में याद किये जाते रहेंगे। उन्होने कहा कि भारत का एक-एक नागरिक उनके योगदान पर गौरवान्वित महसूस करता है।

प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजलि करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास,अशोक बड़ाइक, रामचंद्र नायक, राकेश भास्कर, पंकज सिन्हा, योगेंद्र लाल, राजीव लाल, मुकेश सिंह, मृत्युंजय कुमार, नवीन झा, अमिताभ धीरज, पुरुषोत्तम राय, प्रिंस कुमार आदि शामिल रहे।

# कल्पना सोरेन ने संविधान निर्माता को किया याद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कल्पना सोरेन ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने कहा कि संविधान हमारी ताकत है। संविधान हमारा स्वाभिमान है। देश को संविधान रूपी महान ग्रंथ देने वाले संविधान निर्माता, सामाजिक समता और सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शत-शत नमन। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा है कि यह संविधान और हमारे वीर पुरुखों के संघर्ष की ताकत है कि हम तानाशाही ताकतों के सामने न कभी झुके हैं, न कभी झुकेंगे। तानाशाही ताकतों की आंखों में आंखें डालकर न्याय की लड़ाई लड़े हैं, लड़ेंगे।



## संविधान बचाने के लिए आम जनता आगे आये : महेंद्र

रांची (आजाद सिपाही)। भाकपा राज्य कार्यालय में भीमराव अंबेडकर की जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया गया। इसकी अध्यक्षता राज्य परिषद के सदस्य राजेंद्र रविदास ने की। प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि आज भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाये गये संविधान को केंद्र सरकार बदलने के लिए बेताब है। देश में संविधान, लोकतंत्र दोनों को बचाने के लिए आम जनता को आगे आना चाहिए। आरएसएस और केंद्र की सरकार संविधान को हटाकर मनुस्मृति को लागू करना चाहती है। मोदी सरकार के हाथों में संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है। अजय कुमार सिंह ने कहा कि देश के समता मूलक समाज की स्थापना में और शोषित, पीड़ितों को अधिकार दिलाने में अंबेडकर के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। कार्यक्रम में अजय कुमार सिंह, सहगल टोप्पो, योगेंद्र प्रसाद, इम्तियाज खान, आरती देवी, अनामिका रानी, किरण कुमारी, इम्तियाज अहमद, सुरेंद्र दीक्षित, मनोज ठाकुर, कृष्ण कुमार वर्मा, नीरज सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# लोकतंत्र को कमजोर करने में कुछ ताकतें लगी हैं, उन्हें हमें जवाब देना है : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रांची के डोरंडा स्थित पुराने हाइकोर्ट के समीप उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भारत का संविधान पूरी दुनिया में अनूठा है।

इस संविधान में हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सहित अन्य धर्म के लोगों को एक समान अधिकार दिया गया है। हमें समतामूलक समाज की ओर आगे बढ़ना है। कहा कि हमारे लोकतंत्र को कमजोर करने में कुछ ताकतें दिन-रात लगी हुई हैं, उन्हें हमें जवाब देना है।



## सभी के अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प : आलम

झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही इस संविधान को बचाने के लिए संविधान विरोधी ताकतों को जवाब देने और सभी के अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया। मौके पर समनूर मंसूरी, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, डॉ. हेमलाल कु मेहता, अफरोज अंसारी, संजय राय, फरीद खान, परवेज आलम, सोनू मुंडा, संगठन सचिव रमजान रजा, पुष्पा बरदेवा, सुषमा बरदेवा, प्रदीप मिर्धा, असद टिंकू, राकेश वर्मा, अतिकुर रहमान, फिरोज, मो नौसाद आलम, परवेज अख़्तर, अमन खान, राजेश, सोनू, प्रिंस सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हटिया और एचइसी मजदूर यूनियनों ने मनायी डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हटिया मजदूर यूनियन कार्यालय के प्रांगण में भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अमल आजाद ने संविधान के शिल्पकार डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। हटिया मजदूर यूनियन सीटू के अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय लोकतंत्र की रीढ़ है। भाजपा इसे ही खत्म करने के लिए संविधान में संशोधन करना चाहती है। भाजपा संविधान को ही खत्मकर मनुवादी संविधान लाना चाहती है। यह तभी संभव है जब संसद में दो तिहाई बहुमत हो, इसलिए भाजपा 400 पार का नारा दे रही है।



# आलोक दुबे ने अंबेडकर जयंती पर किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने डोरंडा स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि भीमराव अंबेडकर देश के संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब उन चंद आर्थिक सिद्धांतकारों में से एक थे, जिनका आर्थिक नीतियों और योजनाओं के प्रति दृष्टिकोण व्यवहारिक और लोक हितकारी था। रविदास महासभा के प्रांतीय महासचिव दीपक राम, अनिकेत कुमार, संजय तिर्की, विकास कुमार, ललन कुमार, रोशन केरकेट्टा, उत्तम मिंज, रोशन खलखो, मेहुल दुबे भी उपस्थित थे।



# कांग्रेस भवन में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने रविवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने डॉ अंबेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनके जीवनी पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला।

नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सदियों से शोषित-दलित मानव के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। वे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी और विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यंत संघर्ष करते रहे। बाबा साहब एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ और राष्ट्रीय नेता थे। उन्होंने अपने पीछे भारत के संविधान के रूप में एक मूल्यवान विरासत छोड़ी है।



इस अवसर पर प्रदेश संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति, निरंजन पासवान, केदार पासवान, सहदेव राम, राजू राम, जगरनाथ साहू, विशिष्ट लाल पासवान, रमेश पांडेय, रंजीत बाउरी, भूषण कुमार सहित अन्य ने अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# सेल और सीएमपीडीआइ में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती सेल सैटेलाइट की सभी छह इकाइयों की भागीदारी के साथ मनायी गयी। समारोह में आशीष चक्रवर्ती इडी (एचआरडी और एसएसओ), एसके वर्मा इडी (सीइटी), एसके कर इडी (आरडीसीआइएस) और सेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभा में एस जाचुक सीजीएम (पीएंडए) ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके बाद जे हेमरोम ने उपस्थित लोगों को डॉ बीआर अंबेडकर के जीवन और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।



**सीएमपीडीआइ में भी श्रद्धांजलि दी गयी :** सीएमपीडीआइ के मयूरी प्रेक्षागृह में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक और विभागाध्यक्षगण ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर मनोज कुमार ने लोगों से डॉ भीम राव से संबंधित साहित्य पढ़ने की अपील की। इससे उनके आदर्शों और सिद्धांतों के वास्तविक सार को जानने और समझने में सहूलियत होगी।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सेल विजय कुमार त्रिशरण ने स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में तीन महत्वपूर्ण कारक हैं, जो देश के सभी नागरिकों को सशक्त बनाता है। इस अवसर में कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) के अध्यक्ष केएम डार्विन, प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, टुकलाल निराला, एससी/एसटी/ओबीसी परिषद् के सदस्य गोरेलाल पासवान, राजेश साव, मनोज कुर्रे, मीरा कुमारी एवं अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर डॉ अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित ड्रॉइंग और क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

# कर्मचारी संघ ने भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जाति समन्वय समिति और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंबेडकर चौक डोरंडा में भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र रजक, नवल पासवान, नत्थन रजक, प्रदीप रवि, सुरेंद्र पासवान ने कहा कि बाबा साहेब आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उन्होने वंचित समाज के उत्थान के लिए जीवन भर संघर्ष किया। मौके पर सुरेंद्र पासवान, टिंकू कुमार, दीपक रवि, दीपक राम, टिंकू राम, सुहेल राम, सत्येंद्र रजक, संजय राम, जय प्रकाश पासवान समेत अन्य मौजूद थे।



## डॉ भीमराव अंबेडकर ने शोषित समाज को मुख्य धारा से जोड़ा: ब्रजमोहन



रांची (आजाद सिपाही)। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आजसू केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव ब्रज मोहन कुमार ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज की कुरीतियों को दूर करने का दृढ़ संकल्प किया। निरंतर प्रयास करते हुए एक समरस समाज की कल्पना की। उन्होंने वास्तव में शोषित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन अन्याय और अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष को समर्पित किया। उनका संपूर्ण जीवन आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान आशुतोष गोस्वामी, अजीत कुमार, अभिषेक झा, रोहित चौधरी, वेदांत कौस्तव, रित्विक राज, रिशु कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल प्रजापति, सुमित साहू, सचिन साहू, अमरजीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# अंबेडकर वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे: सुदेश महतो

## अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को सामाजिक न्याय के प्रणेता और भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महतो ने सिल्ली में अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कहा कि बाबा साहेब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहेब ने समाज में वर्ग के विभाजन को तोड़ सबको संविधान में समान अधिकार दिया है। आज पुनः उनके कथन और मार्गदर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। सुदेश कुमार महतो इसके बाद अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली द्वारा आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि आज देश के लिए बाबा साहब के सपनों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से डॉ अंबेडकर के आदर्शों से सीख लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।




# झामुमो ने अंबेडकर जयंती पर किया धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने आयोजित किया। केंद्र सरकार और भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ यह धरना आयोजित हुआ। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं, क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है, नियम है, कानून है और उसी के तहत लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि आज देश का जो सत्ता पक्ष है, वह इस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। इसके विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से धरना पर बैठे हैं। संविधान विरोधियों के लिए यह धरना प्रतिवाद है और बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि भी है।




## सदानों के समर्थन के बिना बहुमत की सरकार नहीं: राजेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के द्वारा 21 अप्रैल को प्रभाततारा मैदान में होने वाली उलगुलान महारैली पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पांच लाख भीड़ आने की बात कही जा रही है। रैली में भले भीड़ आ जायेगी, लेकिन महारैली में सभी वर्गों का समर्थन और भागीदारी मिलना संभव नहीं है। झारखंड में जितने भी क्षेत्रीय दल हैं, यह तो वह एक जाति की राजनीति करते हैं या एक वर्ग विशेष की। ऐसे में कोई भी क्षेत्रीय दल झारखंड में बहुमत की सरकार अपने बल पर नहीं बना सकता है।

## डॉ अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने के लिए कटिबद्ध : नायक



रांची (आजाद सिपाही)। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने डोरंडा अंबेडकर चौक में बाबा साहेब को माल्यार्पण किया। कहा कि झारखंडी समाज आज बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करे और उनके बताये मार्ग पर चल कर शिक्षित बने। आज विरोधी ताकतें संविधान को बदलने का मंसूबे पाल रखी हैं, जिसे हमें समझना होगा और वैसे ताकतो को मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.4 °c | 22.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.28 बजे |



# विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में नहीं है : सुदेश

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गांडेय के जनादेश का अपमान किया है

राजा परिवार जहां हाथ रख दे, सीट खाली करनी पड़ती है, गांडेय के साथ भी यही हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सालों तक गांडेय में 'राज' किया है। क्षेत्र का विकास नहीं खुद का विकास करना झामुमो की प्राथमिकता रही है। विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में नहीं है। अब यहां से राजा परिवार चुनाव लड़ने की तैयारी में है। राजा परिवार जहां हाथ रख दे, उस सीट को खाली करनी पड़ती है। अब जनता को तय करना है कि उसे चेहरा चाहिए या काम।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बेंगाबाद, गिरिडीह में आयोजित ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि जनता को बिना बताये यहां के विधायक का इस्तीफा जनादेश का अपमान है। एक परिवार के निजी स्वार्थ और सत्ता की महत्वाकांक्षा का परिणाम है यहां का उपचुनाव। इन्होंने जनता को छलने का काम किया है। इसका जवाब जनता अपने वोट के चोट से देगी।



आजसू के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को कुशल नेतृत्व देना हमारा लक्ष्य है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। कार्यकर्ता पार्टी द्वारा दी गयी सांगठनिक जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ करें। मैं भी एक कार्यकर्ता हूं। सांगठनिक मजबूती के आधार पर हम सभी मिलकर गांडेय में राजनीतिक बदलाव करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक 10 चूल्हा का नेतृत्व हमारा चूल्हा प्रमुख कर रहे हैं। वोटर से नेतृत्वकर्ता बनाने का काम हमने किया है। पार्टी ने पृष्ठभूमि देखकर नहीं उनकी काबिलियत देख कर पार्टी ने गरीब परिवार से आने वाले लोगों को महत्वपूर्ण दायित्व दिया है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर को किया गया नमन

सम्मेलन से पूर्व सभा स्थल पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अजीवन शोषितों व वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके विचारों को हम सभी को अपनाने और उनके दिखाये गये रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव लंबोदर महतो, उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, महासचिव अर्जुन बैठा, नजरूल हसन हासमी एवं तरूण गुप्ता, सचिव वीर विजय प्रधान, देवघर जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य, गिरिडीह महिला जिलाध्यक्ष प्रियंका शर्मा, कम्पू यादव, संजय साहू इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पूरी होंगी देश की आकांक्षाएं और जरूरतें : संजय सेठ

प्रधानमंत्री की गारंटी पर तैयार हुए इस संकल्प पत्र में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के द्वारा जारी संकल्प पत्र पर सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि यह संकल्प पत्र भारत की आकांक्षाओं, सपनों और जरूरत को पूरा करनेवाला संकल्प पत्र है। प्रधानमंत्री की गारंटी पर तैयार हुए इस संकल्प पत्र में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें कई ऐसी बातें हैं, जिससे सीधा झारखंड का कनेक्शन है। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पर्यटन



और होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने की बात कही है। विशेष रूप से झारखंड और रांची जैसे क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने से न सिर्फ लोग हमारी संस्कृति को जान सकेंगे, बल्कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे आदिवासी परिवारों के लिए रोजगार के नये अवसर तैयार होंगे। इसके अलावे पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कड़ा कानून बनाने से उन युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, जो अपने भविष्य के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रही महिलाओं के इलाज की बात कही गयी है। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को आयुष्मान जैसी योजना से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इन दोनों ही वर्गों की जमा पूंजी अब सुरक्षित रहेगी। श्री सेठ ने इसे विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला संकल्प पत्र बताया है।

## ओबीसी मोर्चा ने अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि देश में राजनीतिक बराबरी तब तक कोई अर्थ नहीं, जब तक सामाजिक-आर्थिक बराबरी कायम न होगी। 26 नवंबर 1949 में संविधान सभा में बोलते हुए उक्त बातें डॉ भीमराव अंबेडकर ने कही थीं। प्रदेश कार्यालय में अंबेडकर की जयंती पर तस्वीर पर माल्यार्पण किया। प्रदेश महासचिव अजय मेहता, राम लखन साहू, राम अवतार, राकेश समेत अन्य शामिल थे।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा, विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होगी।

**कन्या** विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** नौकरी में उल्लास, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**धनु** आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुंबियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मीन** विना-विचारें कोई काम न करें, चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बैंककर्मियों ने बाबा साहब को किया याद




रांची (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई के महासचिव अरुण जॉन प्रबाल, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव भरत लाल ठाकुर और उपस्थित सभी स्टाफ द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाले कई हजार वर्षों तक प्रासंगिक रहेंगे। इसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### यूसीएमएएस अबेकस में अथर्व शर्मा ने राज्यस्तरीय प्रथम रनरअप का खिताब जीता



रांची (आजाद सिपाही)। यूसीएमएएस अबेकस की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अथर्व शर्मा ने प्रथम रनरअप का खिताब अपने नाम किया। अथर्व अबेकस माध्यम द्वारा गणित के जटील जोड़-घटाव-गुणा-भाग को अंगुलियों पर चुटकियों में सुलझा लेता है। अबेकस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया था। इसमें अथर्व अपने अंकगणीतीय कौशल से राज्य में प्रथम रनरअप रहा।

### कोकर में जतरा सह सरहुल मिलन



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर टुंकीटोली कोकर में जतरा सह सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बलवीर पाहन के द्वारा जतरा खूंटा शक्ति स्थल में परिक्रमा कर रंगुआ चरका मुर्गी की बलि देकर गांव मौजा की समृद्धि की कामना की। वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की उपस्थित हुए। फूलचंद तिर्की ने कहा कि चैत के महीने में गांव-मौजा में अलग-अलग दिन सरहुल मनाने का रिवाज है, ताकि लोग एक-दूसरे से मिलजुल सके। संजय तिर्की ने कहा है कि पुरखों की परम्परा संस्कृति बचाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर महावीर उरांव, अमृत कच्छप, सुनील गाड़ी, किरण तिर्की, जीतन लकड़ा, अंतु तिर्की, विनय उरांव, प्रोफेसर रामकिशोर भगत, महावीर लकड़ा और अन्य शामिल थे।

### चैती दुर्गा पूजा महासमिति की विसर्जन शोभायात्रा 18 को

रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब का 16 अप्रैल को महाष्टमी पूजा, संधि बलि, पुष्पांजलि और नवकन्या पूजन होगा। 501 किलो लड्डू चढ़ाया जायेगा। भजन मंडली का आनंद भी भक्तों को मिलेगा। 17 अप्रैल को प्रातः नौ बजे नवमी पूजन होगा। रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्रीमहावीर मंडल के पदाधिकारियों के साथ प्रस्थान करेंगे। 18 अप्रैल को पूजा प्रांगण में हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे से विशाल महाभंडारा का आयोजन होगा। दोपहर तीन बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जायेगी। विसर्जन शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि में श्री रामलला की स्थापित प्रतिमा का जीवंत झांकी का प्रदर्शन होगा। मुख्य संरक्षक उदय साहू रविवार को प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को नवपत्रिका आगमन और सुबह 7.35 बजे सर्वदेव पूजन और माता की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूजा पंडाल का पट पदाधिकारियों की उपस्थिति में सुबह 9.30 बजे सभी के लिए खोल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की छाबड़ा के मधुर भजनों का कार्यक्रम होगा। पारंपरिक शोभायात्रा में हाथी, घोड़ा आदि भी साथ रहेंगे। इसे निर्धारित रूट से जिला प्रशासन की देखरेख में ले जाया जायेगा।

# जनजाति समाज नहीं होता, तो पर्यावरण संतुलन नहीं रहता: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र के तत्वावधान में आरोग्य भवन बरियातु स्थित सभागार में सरहुल मिलन समारोह रविवार को किया गया। रांची महानगर अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा जनजाति हित में सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज अगर पर्यावरण को कोई सुरक्षित रखा है, तो वह है जनजाति समाज। जनजाति समाज नहीं होता, तो पर्यावरण संतुलन नहीं रहता और पर्यावरण संतुलन नहीं रहने से सृष्टि का विनाश अवश्य होता।

डॉ एचीपी नारायण ने कहा कि पेशा कानून झारखंड में अभी तक लागू नहीं हुआ है और लागू नहीं होने से जनजातियों की परंपरा संरक्षित नहीं हो पा रही है। इसीलिए आप सभी जागिये और अपना हक मांगिये। पंचायती राज विभाग की निदेशिका निशा उरांव ने कहा कि धरती ही परिवार है। सभी जनजाति प्रकृति को पूजते हैं। सरहुल के ही दिन धरती माता और सूर्य देवता का विवाह हुआ था। इसी दिन से नये साल की शुभारंभ होता है।

डॉ बुटन महली, लक्ष्मीकांत बड़ाइक ने सरहुल गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। देवव्रत पाहन, बीआइटी के प्रो डॉ प्रदीप मुंडा, साईंनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में संदीप उरांव, प्रदीप लकड़ा, पाहन विमल, मेघा उरांव, सोमा उरांव, हिंदुवा उरांव, सन्नी उरांव, सुनील सिंह, तुलसी गुप्ता, विजय केसरी, हीरेंद्र सिन्हा, नरेश पाहन, महेश मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

# झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा ने धूमधाम से मनायी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा ने रविवार को डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी। झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा के द्वारा डोरंडा स्थित डॉ भीम राव अंबेडकर चौक में अंबेडकर की प्रतिमा में महासभा के अध्यक्ष तथा संरक्षकों तथा सभी पदाधिकारियों ने श्रद्धांजली दी। साथ ही अंबेडकर के जीवनी के बारे में लोगों को बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा के अध्यक्ष दीपक कुमार रवि, मुख्य संरक्षक संत सेवक राम, संरक्षक मधुसूदन कुमार राम,



ब्रज कुमार राम, सोहेल राम, उपाध्यक्ष अशोक कुमार रवि, दशरथ राम, राजेश राम, संतोष कुमार रवि, महासचिव प्रदीप रवि, सचिव दीपक राम, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार दास, सहकोषाध्याक्ष कालीचरण दास, रमेश राम, मिडिया प्रभारी गोपाल रवि, विशाल कुमार रवि, सलाहकार मुकेश राम, अनिल कुमार रवि, सुबोध कुमार रवि, सीता राम रवि, संतोष राम, गजेंद्र राम, प्रचार मंत्री अनिल कुमार सहित समस्त रविदास परिवार मौजूद थे। इसकी सूचना गोपाल रवि एवं विशाल कुमार रवि ने संयुक्त रूप से दी।

## जमशेदपुर में दिनदहाड़े ड्राइवर को छह गोली मार कर हत्या की

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के उलीडीह थाना क्षेत्र में रविवार को फिर गोलियों की बौछार हो गयी। उलीडीह थाना अंतर्गत एनएच स्थित वसुंधरा एस्टेट के पास बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने बारीडीह मोहरदा निवासी सन्नी कुमार यादव को छह गोली मारी। इससे घटनास्थल पर ही सन्नी कुमार यादव की मौत हो गयी। बदमाशों ने उसके सिर में भी गोली मारी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर बालीगुमा की ओर फरार हो गये। हमलावर मानगो पोस्टऑफिस रोड निवासी प्रवीर सिंह व उसके दो साथी बताये जाते हैं। घटना सुबह करीब 11.55 बजे की है। मृतक सन्नी यादव मानगो स्थित जय मां कामिनी रोडवेज में ट्रीप ट्रेलर का चालक था। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से छह खोखा बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में मृतक के ममेरे भाई विशाल यादव के बयान पर उलीडीह थाना में प्रवीर सिंह, सुनील ठाकुर समेत अन्य के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना की जानकारी मिलने पर सन्नी कुमार यादव के घरवाले व रिश्तेदार घटनास्थल व पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। सन्नी का शव देख घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल था। जानकारी मिलने पर जय मां कामिनी रोडवेज के संचालक प्रज्ज्वल वाजपेयी भी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रज्ज्वल वाजपेयी ने बताया कि सन्नी कुमार यादव एक सप्ताह पूर्व ही उसके ट्रांसपोर्ट में चालक का काम शुरू किया था। ट्रीप ट्रेलर का चालक था।

## घर बैठे कान की समस्या करें दूर पॉल ऑप्टिकल दे रही यह सुविधा



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की राजधानी में आज बंगाली नव वर्ष के अवसर को खास बनाते हुए शहर की प्रतिष्ठित पॉल ऑप्टिकल्स ने अपने ऑप्टिकल्स सेगमेंट में आज हियरिंग ऐड की सर्विस जोड़कर एक और उपलब्धि की शुरूआत की है। अपनी दूसरी वर्षगांठ पर पॉल ऑप्टिकल्स के संचालक संजय पॉल ने अपने तीस वर्षों के अनुभव को साझा किया और बताया कि शहर का यह एकमात्र प्रतिष्ठान है, जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की आंखों की जांच के साथ साथ कानों की वैज्ञानिक जांच और सुनने की समस्या का भी समाधान किया जायेगा। श्री पॉल ने कहा कि वर्षगांठ के अवसर पर अगले तीन महीनों तक वैसे लोग जिन्हें कम सुनाई देती है, उनका अत्याधुनिक मशीन 'इयरकार्ट ओम्नी' से निःशुल्क जांच किया जायेगा। इसके लिए देश की अग्रणी कंपनी इयरकार्ट के साथ पॉल ऑप्टिकल्स ने एक नयी शुरुआत की है। लोग इस सुविधा का घर बैठे भी लाभ ले सकते हैं।

## कोकर बाजार में अंबेडकर को किया गया नमन



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर बाजार प्रांगण मे डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती कोकर युवा मंच के सदस्यों के द्वारा बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता, बाबा साहेब के ड्राइंग प्रतियोगिता और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाबा साहेब के फोटो पर माल्यार्पण कर के उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में शिव पासवान, आशीष पासवान, बंटी पासवान, गुड्डन पासवान, राजकुमार पासवान सूरज कुमार पासवान, संजय कुमार राम, नंद कुमार पासवान, राजेश पासवान, धीरेंद्र पासवान उर्फ ब्राह्मचारी, संदीप राम, देवराज गांगुली, विशाल क्षत्रिय, नितेश वर्मा, कर्मनंद समेत अन्य मौजूद थे।

## नाबालिग से गैंगरेप की घटना का झालसा कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत ने लिया संज्ञान

रांची (आजाद सिपाही)। जतरा मेला देखने गयी एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना का झारखंड हाइकोर्ट सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया कि तत्काल दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार की सहायता करें। इस आदेश के आलोक में न्यायायुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची दिवाकर पांडेय ने पीड़िता को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। डालसा सचिव राकेश रंजन ने एक टीम गठित की और खुद भी टीम के साथ बजरा स्थित पीड़िता के घर पहुंचे। वहां उसकी मां से मिलकर विधिक सहायता के बारे में बताया और हरसंभव मदद की बात कही। साथ ही मुआवजा की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। वहां से निकलकर टीम सीधे रातु थाना पहुंची और डीएसपी से मिलकर केस से संबंधित जानकारी जल्द कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा। फिर सिरमटोली स्थित प्रेमाश्रय पहुंचकर पीड़िता का हाल जाना। टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव राकेश रंजन, पीएलवी पुष्पलता देवी और संगीता देवी थी।

# 26 को नगर कीर्तन, 27-28 को सजेगा विशेष दीवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा दो दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम 27 और 28 अप्रैल को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में आयोजित किया जा रहा है। समागम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा चौदह अप्रैल, रविवार को गुरुनानक भवन परिसर में दोपहर एक बजे एक विशेष बैठक बुलायी गयी। सूरज झंडई की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से बनी रूपरेखा के अनुसार समागम की शुरुआत 26 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक भव्य नगर कीर्तन से होगी, जिसमें पुष्प सवारी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पांच प्यारे और पांच निशानची की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कराया



जायेगा। इस नगर कीर्तन में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा रास्ते भर शबद गायन होगा। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित विजय कटारिया और सुनील गेरा के चौक, झंडा चौक, गोपाल दास सरदाना के चौक से होकर डॉ अजय छावड़ा के क्लिनिक होते हुए भगत सिंह मिढ़ा के आवास, बबलू गांधी, सुभाष मिढ़ा, जीतू काठपाल, राज कुमार सुखीजा, अशोक मिढ़ा के चौक होते हुए सेंट्रल बैंक गली और भगवान सिंह बेदी, रमेश पपनेजा, नरेश पपनेजा, हरविंदर सिंह बेदी, द्वारकादास मुंजाल, सुनील मिढ़ा, प्रेम खत्री, बलबीर काठपाल, मनीष सरदाना, श्याम लाल गाबा, होला राम तेहरी के चौक, विवेकानंद अस्पताल तथा सुंदर लाल मिढ़ा के चौक और शहीद भगत सिंह चौक होते हुए दर्शन दिउड़ी गेट वापस पहुंचकर सुबह आठ बजे अरदास के साथ विसर्जित हो जायेगी।

जत्था द्वारा नगर कीर्तन में सभी पुरुष श्रद्धालुओं से सफेद कुर्ता पजामा और महिला श्रद्धालुओं से सफेद सलवार सूट और केसरी दुपट्टा पहनकर शामिल होने की अपील की गयी है। गुरमत समागम में कुल दो विशेष दीवान सजाए जायेंगे, कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में पहला दीवान 27 अप्रैल, शनिवार को रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा दूसरा दीवान 28 अप्रैल, रविवार को दोपहर 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सजाया जायेगा। इन दीवानों में शिरकत करने के लिए विशेष रूप से सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई नवप्रीत सिंह और बीबी तरनप्रीत कौर टांडा(जालंधर) वाले रांची पधार रहे हैं, जो शबद गायन कर शहर की साध संगत को गुरबाणी से जोड़ेंगे। दोनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जायेगा। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने समस्त नगरवासियों से इस समागम में शामिल होकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है। इस पावन मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 28 अप्रैल, रविवार को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा।

## कांके रोड के अखाड़ाधारियों को किया गया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल, श्री राम सेना प्राचीन शिव मंदिर डैम साइड गोंदा टाउन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे कांके रोड के सभी अखाड़ाधारी उपस्थित थे। इस सम्मान समारोह में नारी सेना कांके रोड ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज करायी। अध्यक्ष रवि पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, चैती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष शंकर दुबे, किशोर साहू, जेडी राणा, बीसी कनोई, केदार राम, पुनीत सिंह, राजेश सिंह, मुकेश नायक, लकी सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है भारत

हाल के वर्षों में, भारत ने अपने रक्षा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा के साथ कि भारत का हथियार निर्यात 21,000 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व आंकड़े को पार कर गया है, यह स्पष्ट है कि देश रक्षा निर्यात में 'आत्मनिर्भर' या आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पर्याप्त प्रगति कर रहा है।

**निर्यात की वृद्धि में योगदानकर्ता** : भारत के रक्षा निर्यात में काफी वृद्धि देखी गयी है, जिसमें निजी क्षेत्र और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) दोनों महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रभावशाली निर्यात आंकड़ों में निजी क्षेत्र और डीपीएसयू ने क्रमशः 20 प्रतिशत और 40 प्रतिशत का योगदान दिया है।

**तीव्र विस्तार एवं उपलब्धियां** : भारत के रक्षा निर्यात में तेजी से वृद्धि का उदाहरण 2013-14 में 686 करोड़ रुपये से बढ़ कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये हो गया है। यह उल्लेखनीय उछाल पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की 'शानदार वृद्धि' को दर्शाता है।

**भारत के रक्षा निर्यात में काफी वृद्धि देखी गयी है, जिसमें निजी क्षेत्र और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) दोनों महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रभावशाली निर्यात आंकड़ों में निजी क्षेत्र और डीपीएसयू ने क्रमशः 20 प्रतिशत और 40 प्रतिशत का योगदान दिया है।**

**वैश्विक अनुसंधान और भागीदारी** : भारत का रक्षा निर्यात 85 से अधिक देशों तक फैला हुआ है, जो देश की व्यापक वैश्विक पहुंच और रणनीतिक सांझेदारी को प्रदर्शित करता है। प्रमुख निर्यात स्थलों में इटली, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इसराईल और कई अन्य शामिल हैं।

**भविष्य के लक्ष्य एवं आकांक्षाएं** : भारत का 2024-2025 तक वार्षिक रक्षा निर्यात में 35,000 करोड़ रुपये हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। सरकार का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2028-2029 तक निर्यात बिक्री को 50,000 करोड़ रुपये और वार्षिक रक्षा उत्पादन को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंचाना है। ये लक्ष्य वैश्विक रक्षा क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभरने के भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**1930 में ही अंबेडकर ने कहा था-यह कहने पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती कि देश जातियों और धर्मों में विभाजित है और जब तक संविधान में अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए यथेष्ट सुरक्षा कवच नहीं दिये जाते हैं तब तक यह एक एकताबद्ध स्वशासित समुदाय नहीं बन सकता है, लेकिन अल्पसंख्यकों को भी अपने दिमाग में गांठ बांध लेनी चाहिए कि यद्यपि हम धर्मों और जातियों में बंटे हुए हैं, फिर भी हमारा आदर्श एक एकीकृत भारत है।**

# डॉ भीमराव अंबेडकर: सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक विचारों की प्रासंगिकता



प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य



डॉ अंबेडकर एक समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री, लेखक, बहु-भाषाविद् और तुलनात्मक धर्म दर्शन के विद्वान थे। उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक की परिकल्पना हिल्टन यंग कमीशन की सिफारिश पर की गयी थी, जो अंबेडकर के लेख 'रुपये की समस्याः इसका मूल एवं समाधान' में दिये गये दिशा-निर्देशों से प्रेरित था। डॉ अंबेडकर मौलिक रूप से एक आर्थिक सिद्धांतकार थे। उनके द्वारा दिये गये आर्थिक विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

1930 में ही अंबेडकर ने कहा था-यह कहने पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती कि देश जातियों और धर्मों में विभाजित है और जब तक संविधान में अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए यथेष्ट सुरक्षा कवच नहीं दिये जाते हैं, तब तक यह एक एकताबद्ध स्वशासित समुदाय नहीं बन सकता है। लेकिन अल्पसंख्यकों को भी अपने दिमाग में गांठ बांध लेनी चाहिए कि यद्यपि हम धर्मों और जातियों में बंटे हुए हैं, फिर भी हमारा आदर्श एक एकीकृत भारत है।

डॉ अंबेडकर ने राजनीतिक न्याय के लिए सामाजिक न्याय को आवश्यक बताया था। उनके शब्दों में, जनतांत्रिक शासन के लिए जनतांत्रिक समाज का होना जरूरी है। वास्तव में जनतंत्र शासनतंत्र नहीं, वरन समाजतंत्र है। प्राचीन काल से ही न्याय का आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष काफी महत्त्वपूर्ण रहा है। अरस्तु ने न्याय के लिए आर्थिक समानता को जरूरी बताया।

**डॉ अंबेडकर ने इस बात को सदैव दुहराया कि उनके ऊपर गौतम बुद्ध, कबीरदास और ज्योतिबा फुले का प्रभाव रहा।**

अंबेडकर ने दलितों और अछूतों में एक नयी जागृति लायी। अंबेडकर का प्रादुर्भाव ऐसे समय हुआ जब हिंदू समाज में अछूतों की स्थिति जानवरों से भी बदतर थी। जानवर भी छुआ जा सकता था, पर मानव रूपी कथित अछूतों को देखना और छूना पाप समझा जाता था, गंगा स्नान कर पवित्र होना पड़ता था। अछूतों को मुख्य सड़क, मंदिर, पनघट, तालाब, आदि पर जाने पर रोक लगा रहता था। कमर में झाड़ू बांध कर चलना, हाथ और गले में पहचान हेतु काला धागा बांधना पड़ता था। इसी परिवेश में अंबेडकर का जन्म एक अछूत परिवार में हुआ था।

**डॉ अंबेडकर एवं जाति व्यवस्था**

बाबासाहेब अंबेडकर का जन्म एक महार जाति के एक गरीब परिवार में हुआ था। उनके परिवार को निरंतर सामाजिक और आर्थिक भेदभाव के अधीन रखा गया था। जाति व्यवस्था एक ऐसी प्रणाली है जिसमें एक व्यक्ति के स्थिति, कर्तव्यों और अधिकारों का भेद किसी विशेष समूह में किसी व्यक्ति के जन्म के आधार पर किया जाता है। यह सामाजिक असमानता का कठोर रूप है। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने दलित समुदायों के लिए समानता और न्याय की मांग की थी। भारतीय जाति व्यवस्था में अछूतो को हिंदुओं से अलग कर दिया गया था। जिस जल का उपयोग सवर्ण जाति के हिंदुओं द्वारा किया जाता था, उस सार्वजनिक जलस्त्रोत का उपयोग करने के लिए दलितों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। बचपन में उन्हें महार जाति, जिसे एक अछूत जाति माना जाता है से होने के कारण सामाजिक बहिष्कार, छुआछूत और अपमान का सामना करना पड़ता था। बचपन में स्कूल के शिक्षक उनपर ध्यान नहीं देते थे और ना ही बच्चे उसके साथ बैठकर खाना खाते थे। उन्हें पानी के बर्तन को छूने तक का अधिकार नहीं था तथा उन्हें सबसे दूर कक्षा के बाहर बैठाया जाता था। जाति व्यवस्था के कारण, समाज में कई सामाजिक बुराईयाँ प्रचलित थीं।

**डॉ अंबेडकर: आर्थिक एवं सामाजिक न्याय**

डॉ बीआर अंबेडकर ने अपना वास्तविक करियर एक अर्थशास्त्री के रूप में शुरू किया था, जो आज भी प्रमुख आर्थिक बहसों में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनके आर्थिक संबधी विचार न केवल गरीबी समाप्त करने से संबंधित हैं बल्कि देश की आर्थिक विकास दर को उच्च करने के लिए औद्योगिकरण को महत्व देने से भी संबंधित हैं।

वह पहले भारतीय अर्थशास्त्री थे जिन्होंने व्यापक रूप से सार्वजनिक वित्त, कराधान और ब्रिटिश भारत के मौद्रिक मानकों, और स्थानीय व्यापार पर आंतरिक और बाहरी दोनों करों के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में बताया।

हिंदू जाति-पाति के कारण न जाने कितने बच्चों का जीवन अंधकार में डूबता चला जा रहा था, लेकिन डॉ अंबेडकर ऐसे सुधारक बने जो ना केवल अपना बल्कि करोड़ों दलित भाइयों के भाग्य के विधाता बन गये।

डॉ अंबेडकर ने इस बात को सदैव दुहराया कि उनके ऊपर गौतम बुद्ध, कबीरदास और ज्योतिबा फुले का प्रभाव रहा। कबीर ने उन्हें भक्ति मार्ग दिखलाया तो ज्योतिबा फुले से उन्हें संघर्ष की प्रेरणा मिली। बुद्ध ने उन्हें मानसिक व कायिक शांति का आदेश दिया। उन्हीं के आदर्श पर चलकर उन्होंने सामूहिक धर्म परिवर्तन का काम किया। उनके आदर्श का ही अनुकरण करके दलित उद्धार का कार्य किया जा सकता है।

डॉ अंबेडकर ने लिखा है- मेरे स्कूल में मराठा स्त्री नौकरी करती थी। वह अशिक्षित होते हुए भी छुआछूत को पूरी तरह मानती थी। वह मुझे स्पर्श करने से परहेज करती थी। मुझे एक दिन प्यास लगी पर मुझे पानी का चापाकल छूने की मनाही थी। मैंने अध्यापक से अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने चपरासी को आदेश दिया तब उसने नल खोला और मुझे पानी पीने को मिला अन्यथा मेरी प्यास घर जाकर ही बुझती।

डॉ अंबेडकर ने समाज में समानता लाने के लिए जिस शस्त्र का सर्वप्रथम सहारा लिया वह 'शिक्षा' थी। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की शिक्षा पर उन्होंने काफी बल दिया। उनका मानना था कि जिसकी बुद्धि गुलाम है, वह शिक्षा के माध्यम से ही इस गुलामी से निकल सकता है। वह सभी प्रकार के बलों में शिक्षा को सर्वश्रेष्ठ मानते थे। डॉ अंबेडकर का विचार था कि श्रेष्ठ शिक्षा वही है जो समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का पाठ पढ़ाती हो। डॉ अंबेडकर विशेषकर युवा वर्ग से आग्रहपूर्वक कह रहे थे कि शिक्षा में दूसरों से किसी भी मायने में पीछे नहीं रहें। शिक्षित होकर ही कोई व्यक्ति सशक्त हो सकता है और अपनी समस्या को किसी भी जगह उठा सकता है।

डॉ बीआर अंबेडकर एक ऐसे समाज सुधारक, न्यायविद्, संविधान निर्माता और दलित नेता थे, जिन्होंने अपन संपूर्ण जीवन भारतीय समाज में व्याप्त भेदभाव एवं अस्पृश्यता को समाप्त करने में लगा दिया था। डॉ अंबेडकर एक दूरदर्शी जनवादी अर्थशास्त्री थे। महान अर्थशास्त्री सी रंगराजन ने लिखा है कि अंबेडकर का पहला प्यार अर्थषास्त्र था।

वे व्यापक भूमि-सुधार के समर्थक थे। चाहते थे कि सरकार समस्त कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण कर उसे उचित आकार के फार्मों में विभाजित करे और उत्पाद का समुचित अनुपात में समाज के सभी सदस्यों के बीच संवितरण हो। समाजार्थिक समानता की स्थापना के लिए अंबेडकर का यह क्रांतिकारी सोच था। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि डॉ॰ बी॰ आर॰ अंबेडकर एक उच्च कोटि के अर्थशास्त्री थे।

इसलिए उन्होंने लोकतंत्र और सामाजिक लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिए लोकतंत्र के आधार के रूप में बंधुत्व और समानता की भावना पर ध्यान केंद्रित किया। उनके अनुसार भारतीय समाज जो कि धर्म, भाषा और अन्य कारकों के आधार पर विभाजित हैं के लिए एक सामान्य नैतिक मानदंड आवश्यक है एवं संविधान उस मानदंड की भूमिका निभा सकता है।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड के कुलपति हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# झारखंड में श्रीसत्य साई संजीवनी अस्पताल को मिलेगा प्रशासनिक सहयोग :- दीपंकर चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर में श्रीसत्य साई संजीवनी अस्पताल ने रायपुर समेत ट्रस्ट के विभिन्न अस्पतालों में 30 हजार कार्डियक सर्जरी पूरी होने का जश्न कोल्हान के 32 बच्चे व उनके अभिभावकों के संग हर्ष उल्लास के साथ मनाया। रविवार को आयोजित बचों के सम्मान समारोह में मुख्य अथिति इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट अथारिटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर दीपांकर चौधरी शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर पूर्वी सिंहभूम,सराईकेला खरसवां व पश्चिम सिंहभूम के 32 नौनिहाल अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए। जिनकी विगत वर्षों में निःशुल्क कार्डियक सर्जरी की गई थी। सभी सस्थ्य होकर उत्साह के साथ शामिल हुए। वही अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बच्चों के बीच खुशी का संचार किया गया। मौके पर उन्होंने माता-पिता को उनके दृढ़ मनोबल और उनके बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि दीपंकर चौधरी ने साईं संजीवनी परिवार की पहल की सराहना करते हुए जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर खुशी व सकारात्मकता माहौल के बीच बच्चों ने मुस्कुराते हुए संयुक्त रूप से नृत्य प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि दीपांकर चौधरी के द्वारा प्रत्येक बच्चे को ₹जीवन प्रमाण पत्र₹ सौप जार सम्मानित किया गया। ताकि साईं संजीवनी अस्पताल की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण उनके नवजीवन व मानवता की सेवा के लिए कारगर बन सके। जानकारी देते हुए अस्पताल के ट्रस्ट अधिकारी सोमैया ने बताया जमशेदपुर में श्रीसत्य साईं संजीवनी अस्पताल ने सितंबर 2022 में अपनी सेवाएं शुरू कीं। अब तक 13,000 से अधिक नेत्र संबंधी बाह्य रोगियों,15,000 ओबीजी बाह्य रोगियों,1,400 बाह्य रोगी के जांच और 630 से अधिक प्रसवों का प्रबंधन पूरी तरह से मुफ्त में किया है। अस्पताल अब अपनी सेवाओं का विस्तार करने की योजना बना रहा है। जल्द ही जन्मजात हृदय रोग वाले बच्चों के लिए स्क्रीनिंग सुविधा भी शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम में प्रेम, सेवा और करुणा के परिवर्तनकारी प्रभाव की मार्मिक याद दिलाई। श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल अपने अटूट समर्पण के साथ, अनगिनत परिवारों के लिए आशा की किरण बने हैं।

# बोकारो में बियाडा की इस्पात कंपनी में लगी आग, डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान

बोकारो(आजाद सिपाही )। बोकारो औद्योगिक क्षेत्र (बियाडा) के फेज थ्री में संचालित इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में रविवार की सुबह पांच बजे अचानक आग लग गयी। आग तेजी से फैलने लगी। अगलगी की घटना में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल के दो बड़े वाहनों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दो साल पहले भी कंपनी में अगलगी हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी। अगलगी की चपेट में फैक्ट्री का 33 केवी का तीन ट्रांसफर और इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन पूरी तरह राख हो गया। फैक्ट्री मालिक संजय राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात समझ में आ रही है। फिलहाल अगलगी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। एक-डेढ़ करोड़ के आसपास नुकसान का अनुमान है। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बालीडीह थाना के इंस्पेक्टर संजय कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी ली जा रही है। फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है। दो साल पूर्व भी घटी थी घटना इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इंगोट (छड़ तैयार करने की पहली स्थिति) बनाने का काम किया जाता है। दो वर्ष पहले भी कंपनी में अगलगी की घटना घटी थी। उस वक्त भी अगलगी की घटना में कंपनी को लगभग एक करोड़ से अधिक की क्षति हुई थी। उस घटना के कारणों का पता नहीं चल सका था।

# टाटा स्टील फाउंडेशन का जोहार हाट संस्करण शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन के पहल पर जोहार हाट अप्रैल 2024 संस्करण का शुभारंभ किया गया। जोहार हाट का यह चक्र सरहुल त्योहार पर आधारित है। यह हमारे जीवन में ₹वसंत ऋतु₹ के विभिन्न रंगों और प्रकृति के साथ मनुष्य के घनिष्ठ संबंध को दशार्ता है। इसी भावना और स्पर्श को ध्यान में रखते हुए नये उद्यमियों द्वारा हाट में कला, शिल्प, व्यंजन व रंगों के साथ अपने रचनात्मक उत्पादों को शामिल किया गया। संस्करण में झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा के 6 जनजातियों में खरवार,भटुडी, उरांव, हो, प्रधान और गोंड और संथाल की उपस्थिति देखी जायेगी, जिसमें कुल 21 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# हर्षोल्लास के साथ मना सरहुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** देवघर पंचायत के तुरियाबेड़ा गांव में आदिवासी सरना क्लब के हो, संथाल और भूमिज समाज द्वारा बाहा हादि सरहुल का आयोजन किया गया।मौके पर सुनील हेब्रम ने बताया प्रत्येक वर्ष आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वाधान में बाहा हादि सरहुल पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। ताकि आदिवासी समाज अपना संस्कृति को एक साथ प्रस्तुत कर सके। इससे पूर्व बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अपने पारम्परिक भेष भूषा में शामिल होकर पारंपरिक नृत्य का प्रस्तुत की। मौके पर अजित सिंह, बासु हांसदा,कन्हाई सिंह,राजेश कालूंदिया, दिकू मुर्मू, किशन बोदरा, अंजान पूर्ति,बसंती सोय सहित सैकड़ो आदिवासी समाज के लोग शामिल रहे।

# झारखंड में रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट आपत्तिजनक पोस्ट करनेवालों पर पैनी नजर



रांची(आजाद सिपाही)। रामनवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर से गाइडलाइन जारी की गयी है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आइजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाइटेक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जायेंगी। त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं, ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले। रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाइटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिये साइबर टीम को दे दी जायेगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनायी गयी हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है। अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को निर्देश जारी किये गये हैं। उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाये जाते हैं। ऐसे में आम लोगों से अपील की गयी है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें। सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है, जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए सावधानी बरतें। हाल के दिनों में झारखंड के कई जिलों में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों को जेल भी भेजा गया है। ईद के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश वायरल करने के आरोप में रांची से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने शांति समिति की बैठक में ऐसे सभी लोगों की जानकारी दी है, ताकि लोग इससे सबक ले सकें।

# तीन शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

देवघर(आजाद सिपाही)। देवघर पुलिस ने तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिडको स्थित त्रिमूर्ति चौक निवासी तोयेश संजय पाटिल, सारवां थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी प्रफुल रवानी और मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा निवासी रितिक रोशन है। देवघर पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्ष से देवघर स्थित रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी कर रहे थे और इस आड़ में साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते थे। आरोपितों के एक खाते से एक माह में 70-80 लाख रुपये ट्रांजेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने बताया कि आरोपित टेलीग्राम समूह के माध्यम से सट्टा बाजार में निवेश कराने, बैंक क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता को झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड के विवरण प्राप्त कर ठगी करने का काम करते थे। आरोपितों के पास से बरामद मोबाइल से साइबर क्राइम के 15 अपराध लिंक पुलिस को मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


## मंगला जुलूस के दिन होगा महाआरती का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला गढ़वा के तत्वाधान में रविवार को एक कार्यकारिणी बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें गढ़वा जिला के सारे वैश्य समाज के अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य रामनवमी शुभ अवसर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है, मंगला जुलुस के दिन संध्या कालीन समय 6:00 बजे शाम से रात्रि 10:00 बजे तक रामनवमी कमेटी जनरल के प्रांगण में रंका मोड संकट मोचन मंदिर के समीप उत्तर प्रदेश से आये हुए विद्वानों द्वारा महाआरती आयोजन की जायेगी। सभी सनातनियों से आग्रह और निवेदन है कि वह इस पुण्य कार्य में भाग लेकर पुण्य के भागी बने। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री उमेश कश्यप, संतोष केसरी, राम बहादुर शाह, दौलत सोनी, मनीष कमलापुरी, मनीष गुप्ता, अजय लाल आदि लोग उपस्थित है।

## मारपीट की घटना में पुलिस के एक जवान सहित तीन लोग घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। थसदर थाना क्षेत्र के सुखवाना गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस के एक जवान सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सोनपुरवा मोहल्ला निवासी जमुना राम का पुत्र बलि राम एवं वीरेंद्र चंद्रवंशी का पुत्र रूपेश कुमार चंद्रवंशी और पुलिस के जवान देव कुमार उरांव के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर राम अवतार पाठक बलिराम को अपने घर के पास मारपीट कर रहा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद वहां पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों को देख कर राम अवतार पाठक ग्रामीणों पर पथराव करने लगा। जिसके बाद पुलिस पहुंची। पुलिस को भी देख कर राम अवतार पाठक ने पुलिस के उपर भी पथराव करना शुरू कर दिया। जिसमे पुलिस के जवान भी चोटिल हो गया। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीण उसका घर को दरवाजा खिड़की तोड़ने पर उतारू हो गया। इसकी जानकारी गढ़वा थाना पुलिस को दिया गया। इसके बाद पुलिस ने राम अवतार पाठक को अपने हिरासत में लेकर गढ़वा थाने ले आया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की गयी



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित स्वर्गीय भगतमाल साव के स्मृति में उनके सुपुत्र शंभु प्रसाद कमलापुरी ने भगवान शिव (चबुतरा पर) की प्राण प्रतिष्ठा सपरिवार पंडित शिवनारायण ओझा के द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ कराया। इस अवसर पर रूपेश कुमार रवि, अशोक कमलापुरी, विकास, कमलापुरी, संतोष, श्रवण ठाकुर, इंदेश, विपेश कमलापुरी, बिनेश्वर कमलापुरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में सभा आयोजित

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में शनिवार को प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गयी। विद्यालय के विशाल वंदना कक्ष में प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की चर्चा करते हुए संवैधानिक तरीके से बाल संसद का गठन की घोषणा की। इस बाल संसद में भैया-बहनों ने बड़े उत्साह के साथ वोटिंग के द्वारा लोकतांत्रिक विधि से मतदान कर पहले कक्षा से दो -दो प्रतिनिधि सदस्य को चुनाव किया पुनः वह प्रतिनिधि के द्वारा प्रधानमंत्री का चुनाव किया गया। कुल 24 वोट पड़े, जिसमें बहन सुहानी सिंह ने 19 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज किया। इस चुनाव में विभा दीदी और आरती दीदी ने पर्यक्षक का कार्य किया। वोटों की गिनती पीयूष आचार्य जी द्वारा किया गया। चुनाव के बाद अध्यक्ष का पद - भैया शुभम कुमार कक्षा - दशम, प्रधानमंत्री -बहन सुहानी सिंह कक्षा-दशम, उप प्रधानमंत्री- बहन मानसी सिंह कक्षा दशम को बनाया गया। प्रधानमंत्री बहन सुहानी सिंह ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर स्वच्छता और स्वास्थ्य विभाग वहन रिंकी कुमारी -दशम, जल एवं पर्यावरण विभाग बहन एश्वर्या दशम, सांस्कृतिक विभाग बहन अग्रिम सिंह सप्तम, शिक्षा विभाग बहन इन्दु शुक्ला दशम, खेल विभाग भैया आयुष कुमार अष्टम, बागवानी विभाग आयुष गुप्ता अष्टम, और अनुशासन विभाग बहन मानसी सिंह दशम को दिया गया। मंत्रिमंडल का शपथग्रहण समारोह 20-4-24 को किया जायेगा। इस बाल संसद के गठन में आचार्या शारदा, चिरंजीव, योगेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, चालक और मालिक पर केस दर्ज

मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता के ग्राम बूढ़ीखांड में अंचलाधिकारी शंभू राम एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बालू तस्करों के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें रात्रि 1:30 बजे बाकी नदी से अवैध रूप से उत्खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया है वही मझिआंव थाना कांड संख्या 31/24 के तहत ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर ली गयी है। वहीं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि अवैध रूप से बालू तस्करी करने वालों को कदापि नहीं बक्शा जायेगा। वहीं अवैध रूप से बालू तस्करी करने वाले पकड़े जाते हैं तो उनके विरुद्ध सख्त-से सख्त कानूनी संगत कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# मंगला जुलूस की कमान संभालेगी महिला मंडली

- जगमग होगा एलईडी लाईट से पूरा शहर, तीन स्थानों पर बनाये जायेंगे तोरण द्वार
- महावीर मंडल द्वारा मझिआंव मोड़ पर स्थापित की जायेगी बजरंग बली की 25 फीट की प्रतिमा
- राजस्थान से आये कलाकार होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आकर्षण के केंद्र




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इस वर्ष का मंगला जुलूम व रामनवमी जुलूस अलौकिक होगा। रामनवमी को भव्य व दिव्य बनाने को लेकर महावीर मंडल द्वारा पूरी तैयारी की गयी है। इस वर्ष मंगला जुलूस की कमान महिलाओं के हाथों में होगी। महिलाएं विभिन्न रूप धारण कर स्कूटी, बुलेट पर सवार होकर जुलूस में शामिल होगी। जुलूस के दौरान विभिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली जायेगी। उक्त बातें महावीर मंडल के अध्यक्ष कंचन साहू ने होटल एसएनसी में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि रामनवमी पर पूरा शहर एलईडी लाइट से जगमग होगा। शहर के तीन स्थानों पर एलईडी तोरण द्वार का निर्माण भी कराया जायेगा। महावीर मंडल द्वारा विभिन्न अखाड़ा, रथ व झांकी को सम्मानित किया जायेगा। सबसे बड़ी बात होगी कि राजस्थान से आये कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि देशभक्ति से ओतप्रोत झांकी भी प्रस्तुत किए जायेंगे। जिसमें भारत चीन युद्ध एवं इसमें भारतीय सैनिकों की बहादुरी का प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि महावीर मंडल द्वारा शहर के मझिआंव मोड़ पर 25 फीट के बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। मौके पर पदाधिकारियों ने बजरंग बली की प्रतिमा के प्रारूप का प्रदर्शन किया।

मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, राकेश पाल, राजीव चौबे, उमेश अग्रवाल, भुनेश्वर नाथ सोनी, प्रदीप केशरी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। मंच संचालन दीपक तिवारी ने किया। इस अवसर पर महावीर मंडल के जगजीवन बघैल, आशीष अग्रवाल, अशोक गुप्ता, सुनील केशरी, राहुल पाल, संतोष कश्यप, उपेंद्र ठाकुर, सुमित कश्यप आदि उपस्थित थे।

# बाबा साहेब संविधान शिल्पकार के साथ-साथ ज्ञान के प्रतीक थे : रघुराई

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** संविधान निमार्ता डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती रविवार को प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनायी गयी। दर्जनों जगह कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर लोगों ने उन्हें नमन किया, साथ ही भारतीय संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल प्रांगण तथा बस स्टैंड, गुरु रविदास आश्रम संगवरिया, रजहारा, लोवादग स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की स्थापित प्रतिमा पर मल्यार्पन एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर जयन्ती समारोह का शुभारंभ बामसेफ के झारखण्ड स्टेट कोऑर्डिनेटर और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ गढ़वा के जिलाध्यक्ष रघुराई राम ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान शिल्पकार के साथ साथ ज्ञान के प्रतिक थे। विपरीत परिस्थितियों में ज्ञान अर्जीत करने वाले बाबा साहेब दुनिया के श्रेष्ठम विद्वानों में एक थे। लोवादाग के कार्यक्रम में बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही भाजपा, बसपा, जेएमएम आदि राजनीतिक पार्टी के नेताओ, कार्यकर्ताओं द्वारा भी उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इधर प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर संचालन समिति द्वारा भी मंदिर परिसर में संविधान निमार्ता बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन करने वालों में अध्यक्ष संजय भगत, मनोज जायसवाल, कमलेश कुमार वैद्य सहित कई लोग शामिल थे।

## खेल मैदान को शराब पीने वालों ने बना रखा है मयखाना

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान को शाम होते ही शराब पीने वालों ने मयखाना बना रखा है। पीने के बाद शराबी खाली कांच के बोतलों को वहीं फेंकने के साथ फोड़कर भी चले जाते हैं। बोतलों के कांच मैदान में चारों तरफ बिखरे होने से ग्राउंड में खेलने वाले खिलाड़ियों तथा प्रतिदिन अहले सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए आने वाले लोगों को रोज पहले बोतलें और कांच साफ करना पड़ते हैं। प्रशासन की अनदेखी के चलते उच्च विद्यालय का मैदान शराबियों और असामाजिक तत्वों के कारण बदहाल हो रहा है। बड़ा मैदान होने के कारण यहां निजी खेल संस्थाओं, क्लब द्वारा तो खेल गतिविधियों सालो भर करवाई जाती हैं। शिक्षा विभाग द्वारा करवाई जाने वाली खेल गतिविधियां भी यहां होती हैं।

# जब-जब धरती पर अनाचार पराकाष्ठा पर पहुंचा तब-तब ईश्वर अवतरित हुए हैं: प्रपन्नाचार्य जी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नरगिर आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय रामकथा के पांचवे दिन अयोध्या निवासी पूज्य संत श्री बालस्वामी प्रपन्नाचार्य जी ने निराकार ब्रह्म के सगुण रूप मे प्रकट होने के कारणों पर विस्तृत विवरण रोचक ढंग से किया। जब जब धरती पर अत्याचार, अनाचार, पापाचर पराकाष्ठा पर पहुंच जाते हैं तब-तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर अवतरित होते हैं। भगवान विष्णु के त्रेता मे अवतार लेने के पीछे कई कारण थे। सतयुग के बाद त्रेतायुग दूसरा युग था, जिसमें अधर्म का नाश करने के लिए भगवान विष्णु तीन अवतार लिए थे, जो क्रमशः वामन अवतार, परशुराम अवतार और श्रीराम अवतार के नाम से प्रसिद्ध हैं। सृष्टि के प्रथम पुरुष स्त्री मनु शतरूपा ने भगवान को पुत्र रूप मे पाने का वरदान मांगा था, भगवान विष्णु ने उन्हें उनकी इच्छानुसार आशीर्वाद दिया। भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को कर्क लग्न और पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था। कथा सुनने से सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। कथा जीवन की व्यथा को मिटाती है। राम जी के जन्म के उपलक्ष्य में अशोक केशरी और वीणा केशरी के तरफ से 51 किलो लड्डू प्रसाद बाटा गया।

## पतिव्रता वृंदा के संताप से भगवान विष्णु बने शालिग्राम, जालंधर वध से रोमांचित हुए दर्शक



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध मां शायर देवीधाम मंदिर परिसर में चल रही रासलीला के पांचवें दिन शनिवार की रात्रि में वृंदावन से आए कलाकरों ने जालंधर वध लीला का सजीव मंचन किया। जिसे देखकर सभी दर्शक भाव विभोर हो गये। जैसे ही भगवान शिव ने जालंधर का वध किया, पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। वृंदावन के विशाखा रमण बिहारी रासलीला मंडली के निर्देशक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय ने बताया कि जालंधर अपनी शक्तियों के मद में चूर भगवान विष्णु, ब्रह्मा व शंकर से भी युद्ध करने पहुंच जाता है। जालंधर की पत्नी वृंदा जो भगवान विष्णु की भक्त के साथ एक पतिव्रता स्त्री भी थी, जिससे उसका शक्ति और बढ़ जाता था। उसके पतिव्रता धर्म तोड़ने के लिए भगवान विष्णु ने जालंधर के भेष में वृंदा के पास जाते हैं, वह अपना पति समझकर उनके साथ पत्नी के समान व्यवहार करने लगी। जिससे वृंदा का पतिव्रत धर्म टूट गया और शिव ने जालंधर का वध कर दिया। विष्णु द्वारा सतीत्व भंग किए जाने पर वृंदा ने भगवान को पत्थर होने का श्राप दे देती है। तभी से भगवान शालिग्राम के रूप में पूजे जाते हैं। वृंदा के श्राप को सुनकर देवी लक्ष्मी उसे भी काष्ठ हो जाने का श्राप दे देती हैं। तब से वह तुलसी के रूप में धरती पर विद्यमान है। आज भी तुलसी के बिना भगवान शालिग्राम का भोग नहीं लगता है।

## 24 को नामांकन में पहुंच कर मुझे भरपूर आशीर्वाद दें: वीडी राम



सगमा (आजाद सिपाही)। निवर्तमान भाजपा सांसद सह पार्टी के पलामू लोक सभा के प्रत्यासी बीड़ी राम ने प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर 24 अप्रैल को नामांकन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के द्वारा मुझे तीसरी बार पलामू लोक सभा का प्रत्याशी बनाया गया है, इसे लेकर मैं क्षेत्र के सभी लोगों से 24 अप्रैल को डालटनगंज के शिवाजी मैदान में पहुंचने के लिए निमंत्रित करने आया हूं, मुझे पूरा विश्वास है कि उस दिन मेरे नामांकन में पहुंचकर भरपूर आशिर्वाद देने का काम करेंगे। साथ ही 13 मई मतदान के दिन सभी सम्मानित मतदाता से अपील करने आया हूं कि उस दिन पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प कर साथ कमल छाप के ऊपर बटन दाबने के लिए कहने आया हूं। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो प्रदेश के वरिष्ट नेता सारदा महेस प्रताप देव जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम श्री बंसीधर नगर के सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार चौबे धुरकी के मंडल अध्यक्ष प्रताप जयसवाल, सखिचंद प्रजापति पूर्व जिला अध्यक्ष बिनोद तिवारी सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाबा साहेब ने लोगों को समान अधिकार देने का कार्य किया : पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केसरी ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय रांची में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भारत में निवास करने वाले सभी लोगों को समान अधिकार देने का कार्य किया है। संविधान में व्यवस्था देने के कारण आज दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, वंचितों, शोषित, लोगों के लिए विकास कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर शिक्षा को प्राथमिकता दिया है वह हमेशा कहा करते थे, कि शिक्षा के माध्यम से ऊंची से ऊंची मुकाम हासिल किया जा सकता है, और हर घर को विकसित बनाया जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी से शिक्षा को अपनाने की अपील किया है।

## रामनवमी को लेकर उत्साह, महावीरी झंडे से पटी सड़क

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व को लेकर निकाले जाने वाली शोभायात्रा की तैयारी राम भक्त कार्यकर्ताओ ने शुरू कर दीया है। प्रखंड मुख्यालय सहित रारो, लवाही करके, सोनेहारा सहित विभिन्न इलाकों में शोभायात्रा जुलूस की भी तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। विभिन्न गांव के मुख्य सड़क महावीरी झंडा से पट गया है। महावीरी झंडा लगने से क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र में रामनवमी को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह व भक्ति भावना देखी जा रही है। रारो में रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि राम नवमी के दिन पूजा-अर्चना के उपरांत दोपहर बाद महावीरी झंडा के साथ झांकी व जुलूस भी निकाला जायेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को शर्बत व अन्य पेय भी प्रदान किया जायेगा। बताया कि अनुष्ठान के सफल आयोजन के लिए ग्रामीणों का काफी सहयोग मिल रहा है। सभी के सहयोग से रामनवमी का त्यौहार सफल होगा।

## धूमधाम से मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती



केतार (आजाद सिपाही)। भारत रत्न बाबा भीम राव अंबेडकर के 133 वीं जयंती समारोह प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। भाजपा मंडल कार्यालय में मंडला अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद के अध्यक्षता में बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया गया। वहीं अंबेडकर युवा क्लब के द्वारा सबसे पहले कोल रोड मोड स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और मुख्य कार्यक्रम केतार सब्जी बाजार में धूमधाम से किया गया। सबसे पहले त्रिशरण पंचशील कैंडिल जलाकर माल्यार्पण कर केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत अंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष श्याम बिहारी सर के अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन डॉ रामकृष्ण राम ने किया। अजय वर्मा ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। विभिन्न वक्ता सुरेश राम, बिंदु राम, राम विचार साहू, शिवकुमार सिंह कामेश्वर दास, छोटन सिंह, शिव गोविंद सिंह, रमेश राम, लखन बैठा, देवेंद्र प्रजापति, दीपक गुप्ता जयप्रकाश ठाकुर सहित अन्य लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया।

## निराहार व्रतियों ने सूर्य को दिया अर्घ्य

कांडी (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के मौके पर सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित सामूहिक महाअनुष्ठान में सैकड़ों निराहार व्रतियों ने भाग लिया। वर्षों बाद सूर्य के वार रविवार को छठ का बड़ा उपवास पड़ने को काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। महा उपवास के दिन रात्रि जागरण को ध्यान में रखकर लाइट, साउंड व पेयजल आदि की कमेटी के द्वारा व्यवस्था की गयी है। संध्या अस्ताचल गामी व सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किया।

# संविधान खत्म करने का प्रयास कर रही है भाजपा: झामुमो

- झामुमो ने भाजपा के नीतियों के विरोध में अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष धरना दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी, गढ़वा के द्वारा रंका मोड़ (घंटाघर) के पास बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के 134वीं जयंती पर धरना दिया गया। धरना दे रहे झामुमो के वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। संविधान के रचयिता का आज देश में प्रतिमा भी सुरक्षित नहीं है। कई राज्यों में इनका प्रतिमा को खंड़ीत किया गया है। बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी लोकतंत्र में संविधान के द्वारा हक अधिकार दिलाये थे, उसको आज नष्ट करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र में पाँच साल के बाद जनादेश प्राप्त करने का प्रावधान है। उसे भी भाजपा के द्वारा समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सत्ता के लिए विपक्षी पार्टियों को बगैर कसूर जेल में डाल रहा है तथा वो सत्ता पाने के लिए ईडी, सीबीआई आदि का इस्तेमाल कर उन्हें अपने हाथों में रखते हुए प्रतिदिन लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आज चुनाव को देखते हुए डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी को मल्यार्पण कर भारत के संविधान का मजाक उड़ाया जा रहा है। जनविरोधी कार्य करने वाले और महंगाई, जमाखोरी तथा अभिव्यक्ति की आजादी पर जो रोक लगायी जा रही है, वो देश तथा संविधान के विरूद्ध है। जनता सब देख रही है और जान रही है। लोकसभा के चुनाव में जनता भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने का मन बना चुकी है और वो समय अब निकट आ गया है। विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी खदेड़े जा रहे है। देश में भाजपा द्वारा किए जा रहे असंवैधानिक कार्यों को देखकर जनता का इनसे मोह भंग हो चुका है। भाजपा द्वारा उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के सहारे खरीद-फरोख्त कर जबरन सरकार बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में भाजपा सफल नहीं हो पायेगी। जनता इनके कुकृत्यों को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव में भरपूर सबक सिखायेगी। धरना में जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, शंभू चन्द्रवंशी, दीपमाला देवी सहित कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महुआ बन रहा ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार

जितेन्द्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** झारखंडी किशमिश के नाम से मशहूर महुआ के फूल की मनमोहक खुशबू से इन दिनों प्रखंड के ग्रामीण इलाके पूरी तरह गुलजार हो गए हैं । ग्रामीण अपने परिवार के सदस्यों के साथ खेतों, जंगलों में लगे हुए महुआ पेड़ों के नीचे गिरने वाले महुआ फूलों को एकत्रित करने में व्यस्त हैं। प्रखंड के लिए महुआ की फसल ग्रामीणों की आजीविका का प्रमुख स्त्रोत है। महुआ सीजन आने से रोजगार के लिए पलायन करने वाले ग्रामीण भी अब क्षेत्र में वापसी करने लगे हैं।महुआ की फसल होली के बाद से ही थोड़ी-थोड़ी मात्रा में आना प्रारंभ हो जाती है,कितु गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही महुआ फूलों के गिरने की मात्रा बढ़ने लगती है। इन दिनों ग्रामीण प्रतिदिन बीस से पच्चीस किलो सुखा महुआ फूल एकत्रित कर रहे हैं। गत दिनों बेमौसम बारिश के कारण महुआ फसल के बिगड़ने की आशंका थी।ग्रामीणों ने बताया कि जब बारिश हुई तो महुआ फूलों की फुनगियां खुली नहीं थीं, जिससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। यही पानी अगर फुनगिया खुलने के बाद गिरता तो सारी फसल बिगड़ जाती।महुआ ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। मार्च से महुआ सीजन के आगमन के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शादीब्याह भी प्रारंभ हो जाते हैं,जो जुलाई मध्य तक चलते हैं। महुआ सीजन होने से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो जाती है, जिससे क्षेत्र में व्यापार-व्यवसाय में अच्छा उठाव आ जाता है।

### महुआ का पेड़ लगा कर बढ़ाया जा सकता है आमदनी

ग्रामीणों के लिए महुआ एक प्रमुख वनोत्पाद है। वनोत्पाद के जरीये लोगों को स्वरोजगार हो रहा है। बताया जाता है कि हाल के वर्षों में महुआ पेड़ों की संख्या में कमी आयी है। कहा जाता है कि पहले गढ़वा जिला के लगभग सभी प्रखंडों में महुआ के पेड़ों की संख्या अच्छी थी। लेकिन, अब जंगलों का ह्रास होने के साथ ही महुआ के पेड़ों की संख्या में भी कमी आयी है। सरकारी व निजी स्तर पर महुआ के पेड़ लगा कर ग्रामीणों का आमदनी बढ़ाया जा सकता है। अगर सरकार इस फसल की खरीद बिक्री को लेकर कोई सकारात्मक योजना बनाए तो आने वाले समय में महुआ का बेहतर आर्थिक स्त्रोत बनेगा।

## खिजरी विधायक ने किया शहीद सैनिक अशोक लकड़ा की मूर्ति का अनावरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत चेने लुपुगंटोली में रविवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शहीद सैनिक अशोक लकड़ा की मूर्ति का अनावरण किया। गौरतलब है कि रामपुर लुपुगंटोली निवासी लोहा लकड़ा के बड़े पुत्र सह सैनिक अशोक लकड़ा ड्यूटी के दौरान नागालैंड में 13 दिसंतब 2021 को शहीद हो गये थे। मूर्ति का अनावरण करते हुए विधायक ने कहा कि सेना जवान के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, उनके सम्मान में कभी भी कोई कसर न छोड़े। कहा कि शहीद अशाोक लकड़ा को हमेशा याद किया जाएगा। मौके पर शहीद के पिता लोहा लकड़ा, माता दशमी लकड़ा, भाई राजेश लकड़ा, भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, जिप सदस्य रीता होरो, कल्याण लिंडा, ग्राम प्रधान बुधू लकड़ा, रमेश लकड़ा, बिजो लकड़ा, पंचू तिर्की दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अनगड़ा मंडल कार्यसमिति की बैठक




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा अनगड़ा मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को हेसल सभागार में हुईआ। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने की। इसमें भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, आरती कुजूर, विस संयोजक पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सह संयोजक अमरनाथ चौधरी, प्रभारी मानकी राजेन्द्र शाही, सह प्रभारी बालक पाहन, जैलेन्द्र कुमार, रोशनी खलखो आदि उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रीत करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की भारी जीत सुनिश्चित करना है। सभी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और कोशिश करें कि प्रत्येक मतदाता से मुलाकात कर उन्हें मोदी जी की उपलब्धियों से अवगत कराएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामनाथ महतो ने बूथ स्तर पर संगठन की चर्चा की। कहा कि प्रत्येक बूथ को हम सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जिताने का काम करेंगे। बैठक में रितेश उरांव, अजय महतो, नरेश साहू, रामसाय मुण्डा, दुर्गा महतो, सुनील कु महतो, गौरीशंकर मुण्डा, संतोष कु महतो, वीरसिंह नायक, जगत नारायण महतो, पुनीलाल महतो, पुशनाथ मुण्डा, रामेश्वर महतो, मानेश्वर मुण्डा, राजेन्द्र महतो आदि उपस्थित थे।

## टाटी व हेसातू में सरहुल मिलन समारोह आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** टाटी पंचायत के टाटी स्कूल मैदान में रविवार को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें टाटी, सुरसू, बरवादाग,एवं कुच्चू पंचायत के दर्जनों गांव से महिला एवं पुरूष अपने आदिवासी वेषभूसा में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पहान भीम सिंह मुण्डा एवं घासी सिंह मुण्डा द्वारा पूजा आर्चना कर की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो वरिष्ठ नेता सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानन्द बेदिया शामिल थे। वहीं, समिति के सचिव अनुप सिंह मुंडा ने कहा कि हम प्रकृत पूजक हैं। वहीं, रामानन्द बेदिया ने कहा कि इस तरह के सामुहिक मिलन समारोह कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बढ़ता है। साथ ही हमरे पूर्वजों द्वारा धरोहर के रूप में प्राप्त पारंपरिक सांस्कृतिक नाच-गान के प्रति युवा पीढ़ी को प्रोत्साहन मिलता है। इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में किया जाय। वहीं हेसातु पंचायत में आयोजित सरहुल मिलन समारोह में जिला परिषद सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा शामिल हुए। कहा कि जल जंगल जामीन को बचाना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए। इस कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले टीमों में सिकिदिरी प्रथम पुरस्कार, हेसातु पहान टोली द्वितीय पुरस्कार, एवं दुबलाबेड़ा को तृतीय पुरस्कार के रूप में नगड़ा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर टाटी पंचायत में संरक्षक एतवा बेदिया, मदन बेदिया, मकर सिंह मुण्डा, सुमित्रा देवी, अरूण बेदिया, चिराग बेदिया, परशा बेदिया, कालीपद बेदिया, निरंजन, जितेन्द्र, कार्तिक, रघुनाथ, लिलेन्द्र, कार्तिक, सांकरा , छुटू सिंह मुण्डा, सुधू सिंह मुण्डा, बिरेन सिंह मुण्डा, लक्ष्मी सिंह मुण्डा,श्यामसुन्दर बेदिया, छुटूलाल बेदिया आदि मौजूद थे।

## नवागढ़ में झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ गांव में मंडा पूजा रविवार पूरे विधि विधान से से की गई। शिवभक्तों ने भगवान शिव से गांव की खुशहाली व सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर रात्रि जागरण के लिए छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। बंगाल से आये दो छऊ पार्टियों ने एक से बढकर एक नृत्य पेश किया। मेला का उद्घाटन झामुमो वरिष्ठ नेता सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानन्द बेदिया व पंसस नवागढ़ फाल्गुनी शाही ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य संरक्षक मानकी कमख्यानरायण शाही, संजय उपाध्याय, दिलीप मिर्धा, कमलेश करमाली, विजेंद्र उपाध्याय, भरत पांडेय, रोबट गोसाईं, मनोज करमाली, गौतम करमाली, कमल मिर्धा, ओमकुमार संगवार आदि उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे डोलबगीचा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर रविवार को माला पहनाकर उनकी जयंती मनायी गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। जो संविधान बनाएं, हमे वो संविधान को बचा के रखना है और उनके आदर्शों पर चलना है। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक, जगरनाथ महतो, अर्जुन राम, मानव राम, किसन नायक, राजेश नायक, विजय नायक, शंकर राम, अरुण राम, बंटी नायक, सुनील जॉय, कृष्णा पाहन आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि: टाटीसिलवे में मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती

# आधुनिक भारत के शिल्पकार थे बाबा साहेब : पारसनाथ उरांव





संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर माल्यार्पण करते लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टाटीसिलवे डोल बगीजा स्थित अंबेडकर चौक में रविवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी सह शिक्षाविद डॉ रिझु नायक, समाजसेवी रंथु नायक, मनोज महतो, प्रेम नायक, बंधन नायक, प्रकाश नायक, विजय महली, मनेश महतो आदि ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। डॉ रिझु नायक ने कहा कि बाबा साहेब समान्य गरीब परिवार में जन्म लिए और अपनी बहुमूखी प्रतिभा और समग्र ज्ञान की बदौलत पूरे विश्व में मानवता और इंसानियत का संदेश दिया। बाबा साहेब ने त्याग तपस्या से ही शोषित, पीड़ित, वंचितों व महिलाओं के कल्याण के लिए दुनियां का सबसे बड़ा संविधान बनाया। रंथू नायक ने कहा कि हमें संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों को पाने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ व्याप्त सामाजिक कुरीतियों और नशा का त्याग करने का संकल्प लेना होगा। मौके पर अविनाश नायक, धर्मा नायक, प्रिंस नायक, अभिषेक नायक, करण नायक, आनंद महली, गोपाल महतो, विजय हजाम, दुर्गा नायक, पवन, मंगल, छोटू आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता रंथु नायक ने किया। वहीं, आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि बाबा साहेब आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं।

उन्होंने संविधान का निर्माण किया था। आज हम इस संविधान के आधार पर अपने मौलिक अधिकारों को हासिल कर बेहतर जिंदगी जी रहे हैं। आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक ने कहा कि बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलकर ही हमारा सर्वांगिण विकास हो सकता है। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में जिप सदस्य विपीन टोप्पो, जगरनाथ महतो, अर्जुन राम, मानव राम, किशन नायक, राजेश नायक, विजय नायक, शंकर राम, बंटी नायक, सुनील जॉय, कृष्णा पाहन, सुरेन्द्र महतो, मनोज चौधरी, रामसाय मुण्डा, श्याम नायक, विकास नायक, किशोर नायक आदि शामिल हुए। संचालन जगरनाथ महतो ने किया।

## बाबा साहेब की जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए: शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड स्थित चोरेया में रविवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। जिसमें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शआमिल हुईं। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने पढ़ाई को नहीं छोड़ा। अपने मेहनत के बालबूते उन्होंने भारत का नाम पूरे विश्व में रौशन किया। आज हम जिस संविधान की बात करते हैं यह बाबा साहब की देन है। उन्होंने सभी भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधा। सामाजिक न्याय की अवधारणा रखी। वहीं, पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि बाबा साहब ने सभी देशवासियों को सामाजिक न्याय और समरसता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को एक वक्त का खाना कम खिलायें, लेकिन उन्हें शिक्षा जरूर दिलाएं। इसी के बलबूते हम अपना हक-अधिकार पा सकते हैं। धन्यवाद ज्ञापन मुखिया रेखा सांगा ने किया। मौके पर प्रेम सागर राम, सूबेदार राम, सुरेंद्र गुप्ता, दिनेश राम, भारत राम, जितेश राम, चारवा उरांव, बिजय राम, अनिल राम, सुमित राम, रुपेश राम , प्रकाश राम, आशा देवी, शांति देवी, भंगा उरांव, चमरू उरांव, सुखदेव उरांव, नेहरू उरांव, शिवनारायण राम, बिंदे राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 17 को नगड़ी में होगा दर्जनों गांव के अखाड़ों का भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता







**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के सामाजिक संस्था बिरसा मुंडा फाउंडेशन ट्रस्ट नारो के तत्वाधान में पदाधिकारी एवं सदस्यों की रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र मेहता ने की। जिसमें रामनवमी धूमधाम से मनाने निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति ने नगड़ी नारो बाजार टांड़ में शामिल दर्जनों गांव के अखाड़े का 17 अप्रैल को भव्य स्वागत करने का फैसला किया गया। साथ ही दर्जनों गांव के अखाड़ाधारी अस्त्र-शस्त्र संचालन का प्रदर्शन करेंगें। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अखाड़े को दो तलवार और महावीर झंडा एवं पुरस्कार के रूप में नगद राशि दी जाएगी। इसके संचालन के लिए सर्व समिति से रामनवमी पूजा स्वागत समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक के रूप सामाजिक कार्यकर्ता नंदकिशोर मेहता, मुख्य संयोजक उपेंद्र महतो, संयोजक शंभु महतो, संरक्षक बांदे उरांव, बंधन महतो, केदार महतो, राजेंद्र महतो, छोटू अंसारी, धीरज मेहता, अध्यक्ष प्रभात तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष जलघर महतो, महामंत्री बिरसा महतो, बबलू तिर्की, कोषाध्यक्ष विजय महतो, सह कोषाध्यक्ष सुदेशन कच्छप, उपाध्यक्ष गोपाल ठाकुर, प्रदीप भगत, मंत्री रोहित साहू, मंच प्रभारी शुमम महतो, बप्पी कच्छप आदि को बनाया गया है। वहीं कार्यकारणी सदस्य में ईश्वर महतो, शिबू नायक, दिलीप, राम, विजय तिर्की, बुधराम उरांव, आनंद महतो आदि को शामिल किया गया हैं।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा, शामिल हुए सांसद और राज्यसभा सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड के गुरगाई बुढीबागी में नवनिर्मित श्रीश्री 1008 हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर रविवार को मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकली गई। इसमें शामिस हुए भक्त जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए भैरवी नदी पहुंचे, जहां कलश में जल भर कर वापस यज्ञ स्थल में स्थापित किया। इसमें रांची के सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य प्रवेश भोक्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, उपमुखिया संतोष गुप्ता, राजकिशोर साहू, विक्रांत तिवारी, कामेश्वर महतो, सत्यम, शशी मेहता, रामजीत महतो बालक महतो, सुनील महतो, आनंद महतो आदि शामिल थे।

## ककरिया में सरहुल मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# समाज को बिगाड़ने में नहीं, आगे बढ़ाने में सहयोग करें : हिंदीया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया में पंचायत स्तरीय प्रकृति पर्व सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निकाला गया सरहुल जुलूस ककरिया अंबा टोली से ककरिया हाई स्कूल मैदान पहुंचा। जहां पहान पुजार व अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने कहा कि आज हमारे समाज में बहुत से ऐसे लोग हैं जो समाज को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। लेकिन सभी को ऐसा न करते हुए समाज को आगे बढ़ाने में भागीदारी निभानी चाहिए। वहीं प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि हम सभी समाज के लोग सभी का त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं, सरहुल सिर्फ आदिवासी का नहीं सभी समुदाय का त्योहार है। हम सभी को सभी त्योहार मिलजुल मनाना चाहिए। मुखिया दुर्गा उरांव ने कहा कि सरहुल पर्व में एकता का परिचय देखने को मिलता है। हमें सरहुल रामनवमी जैसे त्योहार सभी के साथ मिलकर मनाना चाहिए। मौके पर मुखिया बिरसमनी देवी, समाजसेवी सुखदेव उरांव, समीर गुप्ता, योगेश उरांव, राजेश उरांव, इमरान खान, सुनील उरांव, सुखु उरांव, शिवकुमार सिंह, अनिल साहु, सुमित कुमार, सम्मीउलाह हक, महेश कुमार, रोहित कुमार, ज्योतिष राम, सुमित्रा उरांव, गहनी उरांव, सुनिता केरकेट्टा आदि थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## हम रामभक्त हर क्षेत्र में सनातन धर्म की रक्षा एवं कवच का कार्य करेंगे : संजीत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिव मंदिर परिसर टाटीसिलवे में रविवार को लालगंज और टाटीसिलवे के रामभक्तों ने रामनवमी जुलूस की तैयारी को लेकर बैठक की, जिसकी अध्यक्षता रामजी पांडे ने की। बैठक में सर्वसम्मति से रामभक्तों ने रामनवमी जुलूस के सफल आयोजन को लेकर कमेटी का गठन किया। सर्वप्रथम कमेटी का नाम श्री महावीर मंडल लालगंज टाटीसिलवे रांची रखा गया। जिसमें संरक्षक रामजी पांडे, चिंतामणि साहू, यदुवीर सिंह व राजन साहू, मुख्य संचालक रिटायर्ड (कर्नल) बीरेंद्र कुमार सिंह व (पूर्व सैनिक) संजीत सिंह, मुख्य सलाहकार नारायण शर्मा, परशुराम सिंह व प्रेमचंद महतो, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह, विनोद तिवारी व संतोष कमार सिंह, संचालन समिति में राजन साहू, अरविंद कुमार, राणा विकास, डब्लू सिंह, सत्यजीत सिंह, शैलेश मिश्रा, मोहन शर्मा, दिनेश महतो, दिलीप कुमार यादव, फाजेश कच्छप, विजय मुंडा, ब्रजेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, मदन सिंह, सुबोध कुमार, संतोष शर्मा, रोशन शर्मा, रंजन शर्मा, विजय राम, उदय सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, टुनटुन तिवारी व सत्य नारायण को बनाया गया है। इस अवसर पर आजाद सिपाही से बात करते हुए पूर्व सैनिक संजीत सिंह ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमलोगों ने श्री महावीर मंडल लालगंज टाटीसिलवे कमेटी का गठन किया है। कहा कि अब हम रामभक्त हर क्षेत्र में लगातार सनातन धर्म की रक्षा एवं कवच का कार्य करेंगे।

## हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर 501 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार शामिल हुए।

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी के महुवाटूंगरी में हनुमान मंदिर के तीसरे वार्षिकोत्सव के मौके पर रविवार को 501 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार उपस्थित थे। महिलाओं ने तीन किलोमीटर कि यात्रा कर नगड़ाबेड़ा स्थित स्वर्ण रेखा नदी से कलश में जल उठाव कर ग्राम भ्रमण किया। वहीं, जैलेंद्र कुमार ने नदी से कलश में पवित्र जल महिलाओं को देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि ईश्वर की भक्ति में लीन रहने से ही असली शक्ति मिलती है। मौके पर मुखिया राजेन्द्र बेदिया,बिगेसर महतो, उदय कुमार महतो, गोपाल करमाली, हीरालाल महतो , धीरज,महेंद्र महतो, राजन महतो, महेश महतो, कमल महतो आदि शामिल थे।

## देवी मंडप में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पहाड़कंडरिया गांव में देवी मंडप की जीर्णोद्धार के बाद प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को यजमान कुंवर सिंह वैदेही देवी, अक्षय सिंह, शैलजा देवी, रविंद्र गोप सविता देवी, राजेंद्र गोप पूनम देवी, ब्रजनाथ राम गीता पुनिता देवी व महेश राम सपत्नी निकिता कुमारी की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश लिए भगवान का जयघोष करतीं चल रही थीं। कलश यात्रा पहाड़ कंडरिया गांव के मार्ग होते हुए देव नदी स्थित कुंआ के पास पहुंची। जहां पुरोहित नित्यानंद पाठक ने वैदिक मन्त्रों के बीच भूमि, कलश और जल पूजन कराया। इसके बाद कन्याओं व महिलाओं का जत्था जल कलश अपने सिर पर लेकर देवी मंडप परिसर पहुंचा। जहां कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप सिंह,बिगलू उरांव,कुमुद वर्मा,कलिंदर गोप, दशरथ गोप,चंद्र गोप, जगेश्वर राम, नवल सिंह, विनोद उरांव, मंगा पहान, फिकवा महतो,महेश राम, कृष्णा राम,जगेंद्र राम,आशा देवी,सोनिया कुमारी, एतवरिया उराईन, अनिता देवी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## परमात्मा और हम अलग नहीं : मुकेश शास्त्री

**इटकी (आजाद सिपाही)।** मनुष्य जीवन व्यर्थ ना हो जाय, इस विषय पर हमको हमेशा सजग रहना चाहिए। वास्तविक सुख की इच्छा की जागृति प्रबल हो इसके लिए अपनी बुद्धि को इश्वर की ओर लगाने की जरूरत है। पहले मनुष्य को विश्वास कर चलना पड़ता है फिर अपने अनुभव का इस्तेमाल कर चलाना चाहिए फिर र वह व्यक्ति को पथ से डिगाना असंभव है। परमात्मा पर निश्चित रूप से विश्वास किजीये इस संसार में सुख लेश मात्र की भी नही है। प्रभु को जैसा मानते है वैसे ही मानने का चेष्टा करते रहे। यह संसार अनित्य है यहां सुख नही अगर सुख चाहते हो तो भगवान नाम का सुमिरण करो । भगवान का वचन कभी मिथ्या नहीं होते। सुख प्राप्ति की भ्रान्ति में जीवन को बरबाद करना भारी भुल होगा। उक्त अध्यात्मिक बाते पंडित मुकेश शास्त्री ने व्यास गद्दी से इटकी में आयोजित श्रीराम चरित मानष पाठ महायज्ञ के 75 वें अधिवेशन में रामकथा के पांचवें दिन कही। उन्होंने कहा कि एक बार सरल हृदय से दृढ़तापूर्वक स्वीकार कर ले कि मैं केवल भगवान का ही अशं हूं और भगवान ही अपने है। क्योंकि शरीर -संसार कभी किसी के साथ नही रहते और परमात्मा किसी का साथ नही छोड़ते है। हम और परमात्मा अलग नही है। इसके पूर्व जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय मेहता, कंचित शाही, संजय गोप सहित अन्य लोगों ने आरती कर प्रवचन की शुरूआत की।

## पिठोरिया में दुर्गापूजा समिति का चुनाव संपन्न, अनिल बने अध्यक्ष



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति पिठोरिया का चुनाव संपन्न हुआ। नई समिति में अध्यक्ष अनिल कुमार केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार महतो, कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष, सचिव के अलावे 17 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य चुनी गया है। रविवार को सभी पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पुरोहितों के नेतृत्व में कलश की स्थापना से दुर्गा पूजा शुरू हुई। सोमवार को नव पत्रिका प्रवेश सह सप्तमी पूजन, 16 को महा अष्टमी, 17 अप्रैल को महा नवमी और 18 अप्रैल को मेला, दशमी पूजा और नव पत्रिका का विसर्जन किया जाएगा जबकि 19 अप्रैल को प्रतिमा का विसर्जन होगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in



## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है : डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडत की तस्वीर पर माल्यार्पण करते पांकी विधायक व अन्य।

**पांकी/पलामू।** प्रखंड के नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने रविवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं, ग्राम चौखड़ा में संविधायक के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। उक्त जगह को टांड़ चौक के नाम से जाना जाता था। अब वह अंबेडकर चौक के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा तरहसी प्रखंड के ग्राम धूमा में डॉ भीमराव अंबेडकर और गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा का विधायक शशिभूषण मेहता ने अनावरण किया। बेदानी चौक सुग्गी और नीलाम्बर पिताम्बरपुर के जुरू मीडिल स्कूल में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल हुए और पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि सामाजिक, समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर पूरा जीवन संघर्ष करते रहे। भेदभाव का सामना करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। स्वतंत्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, पूर्व मुखिया अजय पासवान, कमेश यादव, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, तरहसी प्रखंड विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, प्रतिनिधि निर्मल मेहता, अनिल सिंह, विनोद गुप्ता, सूरज मेहता, बजरंगी सोनी, प्रेम कुमार, विनोद जी, जिला परिषद विजय राम, वीरेंद्र राम चंद्रवंशी, जितेंद्र पासवान, अरविंद राम, अध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव कृष्ण कुमार, उपेंद्र कुमार, सदस्य अखिलेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार और रमेश राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डॉ अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही होगी समता मूलक समाज की संरचना : अविनाश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उत्साह व सादगीपूर्ण मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उपप्राचार्य एसवी साहा,समन्वयक रिजवाना प्रवीण,अमरेंद्र सर,श्याम सर,ललन प्रजापति आदि ने दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित किया। वहीं स्कूल के बच्चे प्रणीत,अमित, रौनक, जूही, वारिस व अन्य को संविधान की पुस्तक भी भेंट की गई। इस अवसर पर अविनाश देव ने भीमराव आंबेडकर के जीवन से लेकर उनके कार्य क्षेत्र और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। कहा कि आंबेडकर जी ने जाति प्रथा का पूर्ण रूप से उन्मूलन कर इंसानियत की नींव रखी थी। डॉ अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ ही प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे। उनके सिद्धांतों पर चलकर ही समता मूलक समाज की संरचना पूरी होगी। इसीलिए बाबा के विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# समाज में फैली असमानता और सामाजिक प्रदूषण के खिलाफ आजीवन लड़ते रहे बाबा साहेब: कौशल

## पौधरोपण कर मनायी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मित्रों की शपथ दिलाते पर्यावरणविद व पार्षद।

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल ने पौधरोपण व वितरण कर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से डॉ भीमराव के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं बगैया पंचायत के तेलियाडीह में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पौधा समर्पित किया। उन्होंने खरवारडीह में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के बाद संत रविदास जी के प्रांगण में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ गंगा वर्धन नारियल लगाकर उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और लीची समर्पित किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध पर पौधा लगा कर उसे बचाने का विधान है। उन्होंने कहा कि जो देता है उसे देवता कहा जाता है। वृक्ष और बाबा साहेब की जीवनी और कार्यशैली में काफी समानता है। दोनों का ही समाज के लिए अतुलनीय योगदान रहा है। वहीं, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब का संविधान को सदैव अनुपालन करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने कहा है कि भाग्य पर कम और कर्म पर ज्यादा विश्वास करना चाहिए। राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता बनकर गरीब असहायों को हर संभव मदद करनी चाहिए। तभी उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र में बालू और जल की समस्या से जूझ रहे लोगों को कहा कि यह समस्या सरकार की विफलता का प्रतीक है। कार्यक्रम में शामिल महिला पुरुषों ने पर्यावरणविद कौशल किशोर और पार्षद अमित कुमार जायसवाल को गर्मजोशी से स्वागत किया। ग्रामीणों ने उनकी कार्यों की सराहना की। वहीं, गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में पूर्व डीआईजी राकेश रंजन, मड़वा के पूर्व मुखिया कमलेश राम, पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, बगया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र रजक, बृजेश राम, अशोक राम संजय राम, रामस्वरूप राम, रवि विश्वकर्मा, नागेंद्र राम, पंकज राम, कपिल राम, जितेंद्र, रमेश, अजय, सुशील, दिनेश, देवव्रत, अजीत, विनोद राम, उषा देवी, राम जन्म राम, उपेंद्र कुमार, अरुण राम, रविंद्र यादव, बिरजा राम और लालू यादव आदि शामिल थे।

## मनायी गयी भीमराव अंबेडकर की जयंती



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड के बारी गांव में रविवार को देश के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। सबसे पहले उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विष्णु राम ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है तभी देश विकसित हो सकेगा। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, विश्वनाथ राम, नंदू राम, नीरज कुमार रवि आदि थे।**

# सिर्फ झंडा उठाने और जुलूस में शामिल होने से बाबा साहेब का सपना पूरा नहीं होगा : विजय

**मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, प्रभात फेरी और शोभा यात्रा भी निकाली गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ से मनाई गई। इस अवसर पर कई जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा प्रभात फेरी और शोभा यात्रा भी निकाली गयी। बाबा साहेब के चित्र के साथ निकाली गई शोभा यात्रा मुरमा कला, तोलरा, लालगढ़, पंजरी, सेमरी, ब्रहमोरिया मोड़, भंडार, गुरी, पिपरा आदि गांवों का भ्रमण करते हुए बीमोड़ पहुंचा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा समाजसेवी सह वरीय बसपा नेता गोपाल राम व संचालन वार्ड पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू ने किया। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर को सिर्फ चित्रों और प्रतिमाओं में नहीं, बल्कि किताबों में ढूंढें। सिर्फ झंडा और जुलूस में शामिल होने से बाबा साहेब का सपना पूरा नहीं होगा। बल्कि पढ लिखकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं। आपकी उच्च शिक्षा ग्रहण करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गोपाल राम ने कहा कि बाबा साहेब के संकल्प को पूरा करने की जिम्मेवारी युवाओं के कंधे पर है। युवा खुद भी उच्च शिक्षा हासिल करें और समाज को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करें। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने लोगों को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने को कहा। मौके पर सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे,संदेश कुमार,रोहित तिवारी,मणी भूषण पांडेय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर अविनाश देव ने संत मरियम स्कूल बस के चालक व सह चालकों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में नए सत्र प्रारंभ होते ही बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा को लेकर विद्यालय की व्यवस्था में कई बदलाव व नई चीजों को शामिल भी किया जा रहा है। चाहे वह श्रेष्ठ शिक्षकों की नियुक्त करना हो या कक्षा रूम में डिजिटल बोर्ड, लाइब्रेरी या प्रैक्टिकल लैब जैसे कई अन्य चीजों को बेहतर बनाने का प्रयास। इसी बीच बस चालकों व सह चालकों को यातायात नियमों का पालन एवं बस में लगाए गयी नयी टेक्नोलॉजी जैसे जीपीएस, सीसीटीवी व अन्य चीजों से संबंधित जानकारी के लिए विद्यालय सभागार में संगोष्ठी आयोजित किया गया, जहां विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने चालाक व सह चालकों को विद्यालय के अभिन्न परिवार एवं बच्चों के सुरक्षा की सबसे बड़ी जिम्मेवार बताते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा से पहले उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देना होगा। भले ही बच्चों को स्कूल या घर पहुंचने में विलंब हो, लेकिन सुरक्षित पहुंचाना हमारा दायित्व है। साथ ही उन्होंने गाड़ी को नियंत्रित होकर चलाने व यातायात नियमों से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। कहा कि जिस तरह बच्चों की सुरक्षा का जिम्मेवार आप हैं उसी तरह चालकों व सह चालकों को स्वस्थ रखना भी विद्यालय परिवार की जिम्मेवारी है। इसलिए उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित ट्रीटमेंट कराने की भी घोषणा की। मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श सहित चालक व सह चालक मौजूद रहे।

# हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनायी गयी डॉ भीमराम अंबेडकर की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान अंबेडकर संघर्ष समिति और राजद के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमा एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्रम में हरिहरगंज अंबेडकर संघर्ष समिति के तत्वाधान में क्षेत्र के सरसोत ग्राम के उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही केक काट कर जयंती मनाई गई। जिसके बाद बाइक जुलूस निकाला गया, जो सुलतानी, ढाब, सेमरवार, कौआखोह, कटैया हरिहरगंज शहर में भ्रमण के बाद एनएच 98 होते पुनः उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर पहुंच कर सभा में तब्दील हुआ। जहां वक्ताओं ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत के गणराज्य निर्माताओं में से एक थे। इस लिए उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है। उन्हें पूरे विश्व में याद किया जाता है। इस मौके बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, पूर्व जिला परिषद सदस्य आशा कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष सुरजमल राम, बालचंद राम, सुशिल कुमार, रवि कुमार, दिनेश गुप्ता, कुलेश्वर राम,गुडडू भुइंया, धर्मेंद्र भुइंया, कृष्णा रवि, ममता देवी रम्भा देवी, पार्वती देवी, नीरा देवी, नीलम देवी, श्यामसुंदर देहाती आदि शामिल थे। उधर, पीपरा क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में बभंडी, श्रीपालपुर, पीपरा, शोभिचक सहित कई गांवों में बाबा साहब की जयंती मनाई गई।

## रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : एसडीपीओ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। अलग- अलग समूहों के साथ पुलिस प्रशासन लगातार बैठक कर रही है। रविवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में रामनवमी अखाड़ा समिति के अधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक कर सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक रामनवमी मनाने की अपील की गई। इस दौरान एलआरडीसी गौरांग महतो, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो व थाना प्रभारी अनिल सिंह ने अखाड़ा कमेटी जुलूस के रूट, पेयजल की सुविधा, सड़क की स्थिति, बिजली व्यवस्था आदि पर भी चर्चा की। एसडीपीओ ने सभी अखाड़ा समिति से रूट की पूरी जानकारी व जुलूस में बजने वाले गाने की पूरी जानकारी लिखित रूप से उपलब्ध कराने की बात कही। एसडीपीओ ने कहा की पुलिस प्रशसन अखाड़ा समिति और आम लोगों की सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने चयनित रूट पर ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया। साथ ही अखाड़ जुलूस को रात आठ बजे तक संपन्न करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीजे पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। जुलूस में अगर डीजे बजते पकड़ा गया तो उसे तत्काल जब्त कर डीजे संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केशरी, संतोष कश्यप, एसआई शशि शेखर पांडेय, वीरेंद्र महतो, अखाड़ा समिति के सतेंद्र यादव, जय कुमार, कामता सिंह, रामचंद्र सिंह, अवधेश चौधरी, बटेरन विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## चिरकुंडा थाना में एसडीपीओ ने की अखाड़ा कमेटी के साथ बैठक, दिये निर्देश

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा थाना परिसर में रविवार को एसडीपीओ रजत मनिक बाखला की अध्यक्षता में अखाड़ा कमेटी के साथ बैठक हुई। जिसमें गलफरबाड़ी, कुमारधुबी व चिरकुंडा क्षेत्र के अखाड़ा कमेटी के सदस्य उपस्थित हुए। सभी को पुलिस मुख्यालय एवं चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। साफ तौर पर कहा गया कि कुमारधुबी एवं गलफरबाड़ी क्षेत्र के आने वाले अखाड़ा कमेटी के सारे सदस्य कल्याण केंद्र में समाप्त कर देंगे। सभी अखाड़ा कमेटी लाइट एवं वीडियो रिकॉर्डिंग कराएंगे। 10 बजे के बाद साउंड बजाने की अनुमति नहीं है। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा व रिकॉर्डेड गाने नहीं बजेंगे। घातक खेल का प्रदर्शन नहीं करेंगे। बैठक में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, कुमारधुबी ओपी प्रभारी आदि थे।

## स्पोर्ट्स



कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने रविवार को कोलकाता के इडेन गार्डेंस स्टेडियम में खेले गए अपने मुकाबला में लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हराकर एलएसडी पर पहली जीत दर्ज की।

# कोलकाता की लखनऊ पर पहली जीत, 8 विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को हराया है। कोलकाता की 17वें सीजन की यह चौथी जीत है। सीजन के 28वें मैच में रविवार को कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की टीम ने 15.4 ओवर में 2 विकेट खोकर ही लभ्य को हासिल कर लिया। कोलकाता की तरफ से ओपनर फिल सॉल्ट ने नाबाद अर्धशतक (89 रन) लगाया। एलएसडी की तरफ से लेफ्ट हैंड बैटर निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 32 बॉल पर 45 रन की पारी खेली। उनके अलावा कप्तान केएल राहुल ने 39 और आयुष बडोनी ने 29 रन बनाए। कोलकाता की तरफ से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट झटके। वैभव अरोड़ा, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। दूसरी ओर, लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर के लिए ओपनर फिल सॉल्ट ने नाबाद अर्धशतक लगाया। उन्होंने 47 बॉल पर 89 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 38 रन बनाए। सुनील नरेन ने 6 और अंगकृष रघुवंशी 7 रन बनाए। लखनऊ की ओर से दोनों विकेट मोहसिन खान ने लिए।

# मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूनामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है । भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले ) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो) , छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो ), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर ( 80 किलो ) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो ) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूनामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है। राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच (57 किलो ) को भी टीम में जगह मिली है । हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63 . 5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है।

## बाबा साहेब के व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत: जलेश्वर महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हाउसिंग कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में मनाई गई। जिलकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसियों ने बाबा साबेह के तेल-चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी आदि उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि संविधान रचयिता भीमराव अंबेडकर एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनेता थे। उन्होंने दलित समाज के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। दलित-बौद्ध आंदोलन के लिए लोगों को प्रेरित किया और समाज में अछूतों को लेकर हो रहे भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने हमेशा श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकार के लिए आवाज उठाया। बाहा साबेह ने अपने जीवनकाल के दौरान भारतीय समाज में होने वाले अन्यायों के खिलाफ आंदोलन चलाए और समाज में सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। बाबा साहेब का भारत ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक प्रभावशाली व्यक्तित्व रहा है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और दलितों को समाज में सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अथक प्रयास किया। उनके संघर्ष ने समाज को जागरूक किया और समानता के मार्ग में आगे बढ़ाया। हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि संविधान रचयिता अंबेडकर जी भारतीय संविधान निर्माता और सामाजिक सुधारक थे। वे दलित समाज के अग्रणी थे। उन्होंने विभिन्न सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को ध्यान में रखते हुए एक मौलिक कागजात तैयार की जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार और सुरक्षा के अधिकारों की गारंटी थी। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व-कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, रवि रंजन सिंह, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, नवनीत नीरज, मंटू दास, राजू दास, सीता राणा, कुमार गौरव, डीके सिंह, सतीश चंद्र रजक, भगवान दास, प्रभात सुरोलिया, संजय जायसवाल, पप्पू कुमार तिवारी, अवधेश पासवान, बबलू दास, राजेश राम, गोपाल कृष्ण चौधरी, मधुसूदन चौधरी आदि उपस्थित थे।

## बोकारो डीसी व डीडीसी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को डीसी आवास के गोपनीय कार्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर डीसी विजया जाधव, डीडीसी संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, सहायक निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्त्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता आदि ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। डीसी विजया जाधव एवं डीडीसी संदीप कुमार ने आमजनों को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कहीं। साथ ही, संविधान में दिए गए अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को कहा। मौके पर परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, एलआरडीसी चास प्रभास दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहार जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला योजना पदाधिकारी राजेश शर्मा आदि ने भी नमन किया।

## बारीग्राम में मनी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मुखिया-बेरमो प्रमुख ने माल्यार्पण कर नमन किया



**बैदकारों/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बैदकारो पश्चिमी पंचायत अंतर्गत बारीग्राम अंबेडकर चौक के समीप रविवार को मुखिया मालती सिंह के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मुखिया मालती सिंह ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर न केवल दलितों के नेता है, बल्कि पूरे देश के नेता है। जिन्होंने भारतीय संविधान को बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। वहीं, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि भारत के संविधान को आकार देने में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। जिन्होंने पिछड़ों वर्गों के लोगों को न्याय समानता और अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन को देश को समर्पित कर दिया। शोमुवा सलाहकार सुबोध सिंह पवार ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। सार्वजनिक जीवन में छुआछूत व भेदभाव का कड़ा विरोध किया। इस मौके पर पूर्व मुखिया जितेंद्र साव, समाजसेवी सत्येंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, राजेंद्र हाड़ी, उमेश भुइयां, वीरू हाड़ी, दीपक तांती, शोमुवा प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

### बस्ताकोला में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

# डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमें हक के लिए लड़ना सिखाया : ढुल्लू महतो

आजा दसिपाही संवाददाता

**धनसार।** डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने बस्ताकोला स्थित आंबेडकर चौक पर बाबासाहेब को माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर का संविधान ही है जो एक गरीब का बेटा आपके बीच है। मुझे सेवा का मौका दीजिए, मैं आपके लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। ढुल्लू महतो ने कहा कि संविधान ने हमें वह अधिकार दिया है कि हम अपना हक ले सकें। उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं के लिए जेल गया हूं।



बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो व अन्य।

आगे भी जरूरत पड़ी तो एक-एक कार्यकर्ता के लिए जेल जाने को तैयार हूं। वहीं, लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज देश उनके लिखे संविधान के कारण ही बढ़ रहा है। वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि हम सभी बाबा साहब के अनुयायी हैं। उन्होंने दबे-कुचले समाज के लिए लड़ना सिखाया है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को अपने अधिकार के लिए लड़ना सिखाया है। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। इस मौके पर विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल, रामसेवक पासवान, श्रीराम यादव, राजकिशोर जेना, उमेश यादव, रिंकू शर्मा, रामदेव शर्मा, संजय रवानी और कुंदन यादव आदि उपस्थित थे।

# संविधान इस देश की आत्मा है: मन्नु आलम

**समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं भेदभाव से आजादी बाबा साहेब ने दिलाया था : डॉ निलम मिश्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झामुमो के धनबाद जिला समिति की ओर से भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर डीआरएम कार्यालय के समीप स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसकी अगुवाई जिला सचिव मन्नु आलम ने की। अपने संबोधन में केंद्रीय सदस्य डॉ निलम मिश्रा ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद हम भारतीयों को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी प्राप्त हुई थी। पर समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं भेदभाव से आजादी बाबा साहेब ने दिलाया। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सभी वर्गों को उनका हक-




अधिकार दिलाया। पर आज देश और संविधान दोनों खतरे में हैं। आज केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को समाप्त करने का प्रयास कर रही हैं। पर हम सभी इस संविधान विरोधी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं जिसे जारी रखेंगे। वहीं, जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि संविधान इस देश की आत्मा हैं और केंद्र की भाजपा सरकार देश कि आत्मा पर लगातार प्रहार कर रही हैं। इन लोगों कि मंशा संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त करना हैं। यें लोग देश में लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। कहा कि आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री जब आदिवासी, दलित, पिछड़ों अल्पसंख्यकों को हक अधिकार दिलाने के लिए काम करने लगा तो उन पर झुठा मुकदमा कर जेल में डाल दिया गया। पर हम झामुमो के सिपाही हैं। हम इस देश, झारखंड और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। बाबा साहेब की जयंती पर हम सभी प्रण लेते हैं जब तक भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ कर फेंक नहीं द ते तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य धरणीधर मंडल, झाकोमोयू केंद्रीय सदस्य अपूर्व सरकार, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, सचिव अबू तारीक, उपाध्यक्ष बंटी सिंह, मिहिर दत्ता, वकील दास, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, संयुक्त सचिव सुदीप दत्ता आदि उपस्थित थे।

## केक काटकर और पेड़ लगाकर मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती

**कतरास (आजाद सिपाही)। देश के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर लोयाबाद में कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। कहीं केक काटकर तो कहीं पेड़ लगाकर जयंती मनाई गई। इसी क्रम में लोयाबाद परियोजना प्रगांण मे कोलियरी के कर्मचारीयो एवं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा लोयाबाद के युवा नेता रॉकी चौरसिया और धनबाद कांग्रेस जिला महासचिव सोनू यादव ने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, रामकनाली कोलियरी परिसर में झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और 51 फलदार वृक्ष लगाकर जयंती मनाई।**

# अंबेडकर जयंती पर लें समाज को जोड़ने व एक-दूसरे की मदद करने का प्रण : उपायुक्त

**समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में रविवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान डीसी ने जिलावासियों को अंबेडकर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर जी का जन्मदिवस हैं। भारत रत्न, संविधान निर्माता एक महान क्रांतिकारी, विधि विशेषज्ञ एवं समाज सुधारक के साथ देश को एक सूत्र में पिरोये रखने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया



है, जिसमें समाज के सभी जाति एवं पिछड़े वर्गों को विकास के समान अवसर दिए गए हैं। इस साल हम सभी बाबा साहेब की 133 वीं जयंती मना रहे है। साथ ही बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए पथ पर चलते हुए महिलाओं के उत्थान और शिक्षा का सामान अवसर बेटियों को मिले इस दिशा में हम सभी मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर उप नगर आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला परिवहन और सभी बीडीओ आदि आदि उपस्थित थे।

### महुदा में कई स्थानों पर उत्साह पूर्वक मनायी गयी अंबेडकर जयंती

# बाबा साहेब के दिखाये मार्ग का अनुसरण करें: मथुरा महतो





**- नीले अंगवस्त्र व ध्वज थामे दिखे महिला व पुरुष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** क्षेत्र के कई स्थानों पर रविवार को संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह पर कई राजनितिक दलों, शिक्षाविदों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने कार्यक्रम आयोजन कर बाबा साहब की प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही गाजे-बाजे के साथ कई जगहों पर लोगों ने जुलूस निकाल कर उनके आदर्शो पर चलने का संपल्प लिया। इस कड़ी में झामुमो नेता निर्मल रवानी के नेतृत्व में महुदा क्षेत्र के ऊपर देवघरा, निचे देवघरा, कंचनपूर, कचर्रा समेत मंझलाडीह में आमसभा की गई। जिसमें बतौर मुख्यातिथि गिरिडीह लोकसभा उम्मीदवार सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी उपस्थित हुए। इस दौरान मंझलाडीह में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद आयोजित आमसभा को संबोधित किया। कहा कि बाबा साहेब एक महान शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री एवं समाज सुधारक के साथ भारतीय संविधान के निर्माता थे। उन्होंने वंचित और पिछड़े वर्ग को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उनके उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने हर वर्ग को राह दिखाते हुए आगे बढ़ाया। वह एक महान व्यक्तित्व के धनी थे। मौके पर शहीद कॉ नेपाल रवानी के पुत्र अजय रवानी, हुलास रवानी, संतोष रवानी, संजय रवानी, प्रदीप सिंह, मंगल सिंह, संजय बाउरी,, मदन राय, मनोज राय, लक्ष्मण रवानी, विकास रवानी, धिरेन रवानी, भागीरथ रवानी, मनोज रवानी, मन्टु रवानी आदि मौजूद थे।

## प्रेमचंद महतो ने समर्थकों के साथ थामा आजसू का दामन



**आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने माला पहनाकर किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं चंद्रप्रकाश चौधरी रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में नावाडीह में कुछ समय के लिए रूके थे। जहां प्रखंड कमेटी एवं केंद्रीय सदस्य सुरेश महतो के नेतृत्व में माला पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान नावाडीह प्रखंड के चिरूडीह निवासी प्रेमचंद महतो ने सुदेश महतो पर आस्था रखते हुए कांग्रेस छोड़कर आजसू का दामन थाम लिया। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने प्रमचंद महतो को माला पहनाकर स्वागत किया। कहा कि लगातार तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बननी सुनिश्चित है। इस बार 400 पर और गिरिडीह लोकसभा में चार लाख पार के संकल्प के साथ सारे कार्यकर्ता लगे हुए हैं। गिरिडीह में चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत के साथ झारखंड के सभी 14 सीट एनडीए गठबंधन जीतेगी।

इस मौके पर केंद्रीय सचिव सह नावाडीह प्रभारी बिगन महतो, केंद्रीय सचिव जयलाल महतो, मोहन महतो, प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो, टिंकू महतो, सुरेश साव, मीडिया प्रभारी दीपक महतो, सोनू चौधरी, भागीरथ महतो, विजय महतो, धनेश्वर ठाकुर, राजहंस आदि मौजूद थे।

## चंद्रप्रकाश चौधरी के बेटे ने पिता के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पुत्र पीयूष चौधरी ने शनिवार को टुंडी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और अपने पिता के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सर्वप्रथम पश्चिमी टुंडी के बंगारों में चल रहे लघु रूद्र यज्ञ स्थल पहुंचे जहां यज्ञ स्थल पहुंच कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद ठेठाटांड, सोनाद, बेजराबाद, नीमताड़,प्रतापुर, सहित जीतपुर आदि क्षेत्रों का दौरा किया। उनके साथ धनबाद आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि हलधर महतो, टुंडी आजसू प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा,भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष सोनू मंडल,मिथुन मंडल, रूपेश पाण्डेय, पवन पाण्डेय,पुरनाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया माया देवी आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी के पक्ष में मतदान को लेकर चंद्रवंशी समाज की बैठक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद नेपाल रवानी मेमोरियल स्कूल गोधर प्रांगण मे धनबाद लोकसभा क्षेत्र सह धनबाद जिला के आम चंद्रवंशी, अभिभावक युवा, बुद्धिजीवी एवं संगठन कर्ता ने सामूहिक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता दिलीप रवानी ने की। बैठक में मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी भी उपस्थित थे। मासस के घोषित उम्मीदवार जगदीश रवानी के समर्थन में चंद्रबंशी समाज ने प्रचार करने का निर्णय लिया। मौके पर हरिपद रवानी, नारायण चंद्र रवानी, जीवन रवानी, गुड्डु रवानी आदि थे।

## अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व चैत्री छठ कोयलांचल में धूमधाम से मनाया जा रहा है। चैत्री छठ बहुत कम लोग करते है, लेकिन इसकी मान्यता अधिक है। रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। धनबाद के छठ घाटों पर व्रतियों ने काफी देर तक पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा की। इसके बाद अर्घ्य दिया। शहर के पंपू तालाब घाट, बेकारबांध तालाब, मनईटांड तालाब घाट और दामोदर नदी घाट पर व्रतियों की अच्छी-खासी संख्या देखी गईं। सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घंटे का निर्जला छठ महापर्व संपन्न होगा। व्रतियों के घर छठ मइया के गीतों से गूंजायमान रहे।

## बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ने मनाया बांग्ला नववर्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पहला वैशाख के अवसर पर ठाकुर कुल्ही स्थित नवनिर्मित स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब ठाकुर कुल्ही की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर सादगी से बांग्ला नव वर्ष मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में क्लब के पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली जी की आत्मा के शांति के लिए उपस्थित सभी खिलाड़ियों ने मौन रखकर नमन किया। बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि पूर्व कोच स्वर्गीय अभिजीत गांगुली एक सच्चे खेल प्रेमी थे, जो निःशुल्क ग्रामीण क्षेत्र के लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षण दिया करते थे। वर्ष 2018 में इसी मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में प्रशिक्षण के दौरान वज्रपात के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। इसलिए इस कार्यक्रम की शुरूआत में उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर उन्हें खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने मैदान की पूजा कर खेल के नए सत्र की शुरूआत की। मौके पर बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब के सचिव संतोष रजक, कोच रंजीत ठाकुर, मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, डेनियल सर, दुर्गा सिंह, विक्रम सिंह, संजय हेंब्रम, रतीलाल हेंब्रम, हीरो, जितेंद्र, अभिषेक, शुभम आदि उपस्थित थे।

# कार टकरायी, पिता और बेटी की मौत, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भद्रक जिले के भंडारीपोखरी प्रखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर यशटिकिरी के पास रविवार को एक मरमतुंत सड़क दुर्घटना हुई। एक कार डिवाइडर से टकरा गयी है। पिता-बेटी की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए भद्रक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। खबरों के अनुसार कार पुरी से भद्रक की ओर आ रही थी, जब उसने संतुलन खो दिया और दोपहर के आसपास यशटिकिरी के पास डिवाइडर से टकरा गयी। कार में सवार पिता-बेटी की मौत हो गयी। चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल लोगों को पहले भंडारीपोखरी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में भद्रक जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

# हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**धनवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह रविवार को प्रखंड तीसरी के ग्राम पलमरुआ में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में सम्मिलित हुए। उनके साथ दोनों मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित एवं सुनील शर्मा, सुनील साव, उदय साव, तीसरी प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव, यज्ञ कमेटी अध्यक्ष नागेश्वर पंडित, अर्जुन साव, राजेंद्र साव, संत कुमार, किशोरी साव, गोवर्धन पंडित, लक्ष्मण विश्वकर्मा भी थे।

## हादसा : चलते ट्रक में कार घुसी, दोनों में आग लगी

# दंपति और उनकी दो बेटियों समेत सात लोग जिंदा जले

- सालासर बालाजी के दर्शन करने जा रहा थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**फतेहपुर।** चूरू-सालासर स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गयी। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गयी। आग से कार सवार दंपति और उनकी दो बेटियों समेत 7 लोग जिंदा जल गये। हादसा सीकर के फतेहपुर में रविवार दिन के 2:30 बजे हुआ। कार में गैस किट लगा हुआ था और ट्रक में मेडिकल कॉटन (रूई) भरी हुई थी। पुलिस के मुताबिक हादसा आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर पर हुआ। आगे चलते ट्रक से कार पीछे से टकरायी। कार सवार परिवार यूपी के मेरठ का रहने वाला था।

फतेहपुर कोतवाली एसएचओ सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलायी गयी। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। वहीं ट्रक में लगी आग पर शाम 4 बजे के करीब काबू पाया गया। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, डीएसपी रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर एसएचओ मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।



## कार सवार मदद को चिल्ला रहे थे

प्रत्यक्षदर्शी रामनिवास सैनी ने बताया- दोपहर करीब 2:30 बजे की बात है। मैं अपनी पिकअप गाड़ी की सर्विस करवाने के लिए पुलिया के पास सर्विस सेंटर पर जा रहा था। पुलिया के ऊपर से गुजर रहा था। तब मेरे पास से निकल रहे ट्रक को पीछे से आई कार ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार ट्रक से जा टकरायी। मैंने अपनी गाड़ी साइड में खड़ी की। तुरंत कार की ओर दौड़ा पीछे बैठे दो लोग मदद की गुहार भी लगा रहे थे। गाड़ी के पीछे लगी गैस किट की टंकी के आग तेज हो ग/१। इसके बाद मैंने सूचना पुलिस को दी।

## मोबाइल से हुई मृतकों की पहचान

नाम नहीं बताने की शर्त पर मौके पर मौजूद एक युवक ने बताया कि गाड़ी से शव निकालते समय एक मोबाइल जला हुआ मिला था। पहले शवों को निकाल कर राजकीय धानुका उप जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी पहुंचाया, उसके बाद जले हुए मोबाइल से सिम कार्ड निकाला और अपने मोबाइल में लगाया। मोबाइल में सिम लगाते ही एक कॉल आया। सामने से एक महिला की आवाज आयी। उसने बताया कि वो आरके पुरम, दिल्ली रोड, मेरठ से बोल रही है। उसने अपनी मां को कॉल लगाया है। उसकी मां और भाई सेंट्रो कार से सालासर बालाजी गये थे। युवक ने महिला से कार सवार लोगों के नाम पूछे।

## मरने वालों में ये थे शामिल

मरने वालों में नीलम गोयल पत्नी मुकेश गोयल, आशुतोष गोयल पुत्र मुकेश गोयल निवासी शारदा रोड मेरठ, मंजू बिंदल पत्नी नरेंद्र बिंदल, हार्दिक बिंदल (35) पुत्र नरेंद्र, स्वाति बिंदल पत्नी हार्दिक, दीक्षा पुत्री हार्दिक (4) और दीक्षा की 2 साल की बहन कार में थी।

# कटक भाजपा के दो गुटों में झड़प, कार्यकर्ता घायल

- पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में किया
- घायलों को अस्पताल भेजा गया, पुलिस ने छानबीन शुरू की



आजाद सिपाही संवाददाता

**कटक।** भाजपा के मिश्रण पर्व के दौरान शनिवार रात दो गुटों के बीच झड़प हुई है। इसमें भाजपा के दोनों गुटों के कार्यकर्ता घायल हुए हैं। घटना को लेकर मालगोदाम थाने में मामला दर्ज की गयी है। कटक कॉलेज चौक नेताजी प्रतिपूर्ति के पास भाजपा का एक मिश्रण पर्व शनिवार की रात को चल रहा था, जिसमें केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के कटक लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार भर्तृहरि महताब, चौद्वार कटक विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार नयन किशोर मोहंती एवं भाजपा के राज्य महासचिव जतिन मोहंती, सुदीप राय, पार्षद गगन ओझा, दीपक दास प्रमुख मंच पर मौजूद थे। रेवेंशा छात्र संसद के पूर्व अध्यक्ष शुभेंदु मोहंती, ज्योति रंजन राय(जुलु) की अगुवाई में विभिन्न इलाकों से नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन उसी समय मंच के नीचे धर्मेंद्र प्रधान और भर्तृहरि महताब जिंदाबाद का नारा लग रहा था। इस बीच भाजपा के विधायक उम्मीदवार नयन किशोर मोहंती के खिलाफ कुछ भाजपा कार्यकर्ता मुर्दाबाद का नारा दे रहे थे।

**क्या है पूरा मामला :** नयन किशोर मोहंती को चौद्वार कटक विधानसभा क्षेत्र में फिर से उम्मीदवार बनाने की निर्णय को लेकर वह विरोध कर रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे। उनके टिकट को वापस लेने की मांग कर रहे थे। इस घटना को लेकर वहां पर अचानक से उत्तेजना फैली, जिसके चलते वहां मौजूद दोनों गुटों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर टूट पड़े और मामला बढ़ गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गयी। इस झड़प में चौद्वार आग्राहाट इलाके का विवेक जेना का सर फट गया, जबकि कुछ महिला और युवा कार्यकर्ता भी घायल हुए। घटना के बाद मालगोदाम थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण किया।

# ओड़िशा केंद्रीय विवि ने डॉ अंबेडकर जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 134वीं जयंती मनायी। कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी, सलाहकार- अकादमिक और प्रशासन प्रोफेसर वीसी झा, हिंदी सेल के प्रभारी निदेशक प्रो हेमराज मीणा के साथ संकाय और अधिकारियों ने दूरदर्शी बाबासाहेब को पुष्पांजलि अर्पित की, जो भारत के संविधान के निर्माता थे।

एक विद्वान, दूरदर्शी और समाज सुधारक के रूप में डॉ अंबेडकर के गहरे प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए प्रोफेसर त्रिपाठी ने भारत के संवैधानिक ढांचे को आकार देने और सामाजिक न्याय के लिए समर्थन करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कानून के शासन, नागरिक स्वतंत्रता, लैंगिक समानता और हाशिए के समुदायों के सशक्तिकरण के सिद्धांतों पर आधारित समतावादी समाज के लिए डॉ अंबेडकर के अथक प्रयासों पर प्रकाश डाला।

प्रोफेसर त्रिपाठी ने डॉ अम्बेडकर के योगदान और महानता के वैश्विक महत्व पर जोर दिया और कुछ निहित स्वार्थी समूहों द्वारा व्यक्तिगत लाभ के लिए उनके योगदान की अनदेखी करने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने डॉ अंबेडकर के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक प्रयासों को जानने और उन पर चर्चा करने तथा आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता पर जोर देने का आह्वान किया। उन्होंने ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए डॉ अंबेडकर पर चर्चा का प्राथमिक केंद्र बनने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की, जो उन्होंने कहा कि आज उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

प्रोफेसर त्रिपाठी ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में अंबेडकर अध्ययन केंद्र स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे, जो डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं पर अंतः विषय अनुसंधान के लिए समर्पित होगा। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में डॉ अंबेडकर की एक प्रतिमा बनाने की इच्छा व्यक्त की, जो उनके आदर्शों को बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी।

डॉ अंबेडकर के बहुमुखी व्यक्तित्व को संबोधित करते हुए प्रो झा ने एक वकील, अर्थशास्त्री, राजनेता और समाज सुधारक के रूप में उनकी भूमिका की सराहना की और भेदभाव के खिलाफ उनके अटूट समर्थन और महिलाओं और मजदूरों के अधिकारों के लिए उनके मजबूत समर्थन पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर मीणा ने इस भावना का समर्थन किया और समाज के पिछड़े वर्गों पर डॉ अंबेडकर के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला।

बाद में कुलपति की देखरेख में डॉ अंबेडकर के दर्शन और ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय पर एक बौद्धिक संगोष्ठी आयोजित की गयी। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई ने बताया कि प्रतिभागियों ने डॉ अंबेडकर के दूरदर्शी विचारों और समाज में स्थायी योगदान के बारे में विस्तृत चर्चा की और उन्हें बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला।

# इरान का इजराइल पर हमला, एयर इंडिया ने फ्लाइट्स रद्द की

**ईरान बोला- पलटवार किया तो और भी बड़ा हमला करेंगे**

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराये। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गयीं मिसाइलों को रोका। इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गये। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एंबेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गये थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

# लाहौर में सरबजीत सिंह की हत्या करनेवाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की हत्या

एजेंसी

**लाहौर।** लाहौर के डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गयी है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमीर को लाहौर में कुछ लोगों ने गोली मार दी थी। इसके बाद उसकी मौत हो गयी। माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के इशारे पर साल 2013 में लाहौर जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। दिसंबर 2018 में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए सरबजीत की हत्या के 2 आरोपियों को रिहा कर दिया था।



उनमें अमीर सरफराज और मुद्दसर शामिल थे। किसी ने इन दोनों के खिलाफ गवाही नहीं दी थी। दरअसल, पंजाब का सरबजीत 1990 में गलती से बॉर्डर क्रॉस कर पाकिस्तान चला गया था। जहां उसे भारत का जासूस कहकर बंधक बना लिया था।

**पाकिस्तान भारत पर लगा रहा टारगेट किलिंग के आरोप :** पाकिस्तान में सरबजीत के हत्यारे की मौत की खबर उस वक्त आयी है, जब हाल ही में पाकिस्तान ने भारत पर टारगेट किलिंग के आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान ने कहा था कि भारत गैर कानूनी तरीके से पाकिस्तान में उसके नागरिकों को मार रहा है। पाकिस्तान ने ये आरोप ब्रिटिश मीडिया हाउस द गार्डियन की उस रिपोर्ट का हवाला देते हुए लगाए थे, जिसमें कहा गया था कि भारत के इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या करवा रहे हैं।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 8298157476, वरुण कुमार :8709161626
मोहसीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिषिज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9206624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Franchise Benefit
☑ All Computer Courses
☑ Vocational Courses
☑ Authorization Letter
☑ Authorization Certificate
☑ Web Login ID & Password
☑ Study Material Support
☑ PDF Certificate in 24 Hrs
☑ Hard Copy Certificate & Mark sheet
☑ Students Placement Support
☑ Marketing Support
☑ Online & Offline Certificate
☑ Yearly Career Guidance
☑ Seminar in your City
FREE FRANCHISE
Certified with
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल
सह
डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूला का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोड कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21